53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:50, सूर्यास्त - 6:54 | वर्ष : 53/अंक : 229 बुधवार, 20 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

न्यूनतम 27.1°c अधिकतम 31.6 °c

**अमृतवाणी**

अच्छाई और सच्चाई चाहे पूरी दुनिया में ढूंढ लो, अगर खुद में नहीं है तो कहीं नहीं मिलेगी!

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था और विकास देखकर कांग्रेस को दर्द होता है : भाजपा



अब ये भी नहीं ठीक कि हर दर्द मिटा दें... कुछ दर्द कलेजे से लगाने के लिए हैं...

## लगातार असामाजिक तत्वों के काले कारनामे आ रहे सामने

# अब 10 करोड़ की स्मैक के साथ पकड़े गए चार नशा तस्कर किये गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत मुजफ्फरनगर पुलिस ने नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार कर करीब 10 करोड़ की स्मैक बरामद की है। गिरफ्तार तस्करों के पास से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा व तस्करी में प्रयोग की जा रही आई-20 कार बरामद की है। गिरफ्तार तस्कर यूपी के जनपद बरेली से स्मैक खरीदकर मुजफ्फरनगर सहित आसपास के क्षेत्रों में इसकी सप्लाई करते थे। इतना ही नहीं इनके हाथ मुम्बई, चंड़ीगढ़ व दिल्ली समेत कई राज्यों से जुड़े थे। जिनमें यह स्मैक की सप्लाई कर रहे थे। पुलिस अब इनके नेटवर्क को बरामद हुए मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाल रही है। पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत बुढाना थाना प्रभारी आंनद देव मिश्रा ने अपनी टीम के साथ चैकिंग के दौरान कार सवार तस्कर अब्दुल कादिर निवासी जिजौला थाना झिंझाना शामली, हाल पता गांव रसूलपुर थाना कोतवाली नगर सहारनपुर, अबरार उर्फ सोनू निवासी गांव जौला थाना बुढ़ाना, बाबर निवासी सरसावा सहारनपुर व रिहान निवासी बघरा थाना तितावी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने 1 किलो 15 ग्राम स्मैक, एक इलेक्ट्रानिक कांटा व कार को बरामद किया है। एसएसपी ने बताया कि बरामद स्मैक की इंटरनेशनल बाजार में दस करोड़ कीमत है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से पूछताछ की। उसके बाद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि जिले की पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत 16 करोड़ के मादक पदार्थ बरामद किए हैं, जिनमें जनपद के थाना खालापार, थाना सिविल लाइन, भोपा, बुढ़ाना पुलिस द्वारा ये बड़ी कार्रवाई की गई है और इतना ही नहीं प्रत्येक थाना क्षेत्र में इस अभियान को प्रमुखता से चलाया जा रहा है। एसएसपी ने लोगों से अपील की है कि नशे का सामान बेचने वालों के खिलाफ पुलिस को जानकारी दे। उनकी पहचान को भी गुप्त रखा जाएगा।



पत्रकारों को मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व हिरासत में लिये गए आरोपी।

### माफियाओं की जड़ें खोदने के लिए, तीन टीम गठित

मुजफ्फरनगर। एसएसपी संजय कुमार वर्मा की मानें तो पुलिस की प्रारंभिक जांच में गांजा, चरस, स्मैक सप्लाई का मुख्य सेंटर बरेली जनपद है। अभी तक पकड़े गए तस्करों से पूछताछ में इस बात का खुलासा भी हो चुका है। पुलिस ने बरेली से मादक पदार्थ की सप्लाई देने वाले शातिरों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया है। पकड़े गए सभी तस्करों के मोबाइल की कॉल डिटेलों का पुलिस मिलान कर रही है ताकि मादक पदार्थ बेचने वाले आरोपियों तक पुलिस पहुंच सके।



नशा तस्करों से बरामद अवैध मादक पदार्थ

### करोड़ों के मकान, लग्जरी गाड़ियां, करते थे नवाबी शौक

मुजफ्फरनगर। पुलिस की गिरफ्त में तस्कर अब्दुल कादिर के मकान की कीमत लगभग एक करोड़ रुपए है। घर में लग्जरी गाड़ियों के साथ साथ नवाबों वाले शौक भी रखते थे। फिलहाल पुलिस पकड़े गए तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने का मन बना चुकी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि पकड़े गए तस्करों द्वारा कई संपत्तियां अर्जित की गई है उसको कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी।

## साकेत कॉलोनी की जीवन रेखा, रेलवे फाटक के पास का रास्ता बंद

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। साकेत कॉलोनी के निवासियों के लिए एक बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। रेलवे विभाग ने साकेत कॉलोनी की जीवनरेखा कहे जाने वाले रेलवे फाटक के पास खुले रास्ते को अचानक बंद कर दिया है। इस कदम से स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा युवाओं और सुबह-शाम घूमने वाले बुजुर्गों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। यह रास्ता पिछले कई दशकों से साकेत कॉलोनी, जसवंतपुरी, गाँधी कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी का काम कर रहा था। लोग इसका उपयोग रेलवे फाटक पार कर शिव मंदिर, गांधी कॉलोनी वैष्णो माता मंदिर, नई मंडी और शहर के अन्य हिस्सों में जाने के लिए करते थे। यह न केवल दूरी कम करता था, बल्कि रेलवे फाटक बंद होने पर लगने वाले लंबे जाम से भी राहत इसी रास्ते से मिलती थी।

**कॉलोनीवासियों की बढ़ी मुश्किलें**

रेलवे विभाग द्वारा अचानक बिना किसी पूर्व सूचना के इस रास्ते को बंद कर देने से स्थानीय लोगों में गहरा रोष है। एक स्थानीय निवासी ने बताया, "इस रास्ते के बंद होने से हमें अब लंबा चक्कर काटकर जाना पड़ेगा। इससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होगी।" वहीं, स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को भी अब काफी परेशानी होगी। खासकर सुबह के समय जब सभी को स्कूल या ऑफिस के लिए जल्दी होती है, यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। बुजुर्गों के लिए भी यह एक बड़ी समस्या है, जो सुबह-शाम टहलने के लिए इस रास्ते का उपयोग करते थे। उन्हें अब अपनी दिनचर्या में बदलाव करना पड़ेगा। निवासियों ने रेलवे विभाग से इस फैसले पर पुनर्विचार करने और जल्द से जल्द इस रास्ते को फिर से खोलने की अपील की है। उनका कहना है कि यह रास्ता उनकी दैनिक जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है और इसे बंद करने से उनकी मुश्किलें काफी बढ़ जाएंगी।





विनोद त्यागी | गजे सिंह सैनी | कुलदीप शर्मा

### साकेत मार्ग पर ब्राह्मण कॉलेज की जमीन ही एक आखिरी उम्मीद

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। शहर के बीच में बसी साकेत कॉलोनी का रास्ता अब सिर्फ ब्राह्मण कॉलेज की जमीन पर आकर अटक गया है। रेलवे विभाग द्वारा बंद किए गए साकेत से रेलवे फाटक के बीच रास्ते के बाद अब कॉलोनीवासियों की नजर ब्राह्मण कॉलेज की जमीन पर है। इस जमीन के अधिग्रहण के बिना साकेत कॉलोनी का उद्धार एक अधूरा सपना ही बनकर रह जाएगा। यह मार्ग शहर की एक प्रमुख सड़क है, जिस पर दिन भर काफी भीड़भाड़ रहती है। रेलवे द्वारा बंद किए गया रास्ता शहर के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ता है, जैसे कि शिव चौक, अंसारी रोड और रोडवेज बस स्टैंड। अधिकारियों ने सड़क के चौड़ीकरण के लिए कई बार प्रयास किए, लेकिन हर बार उन्हें ब्राह्मण कॉलेज की जमीन के अधिग्रहण में बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा है। कॉलेज प्रबंधन और प्रशासन के बीच इस मामले को लेकर कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है।

## 300-400 मरीज आ रहे हैं अस्पताल, वायरल से मचा हा-हाकार

### फिलहाल जनपद में नहीं आया है कोई भी स्वाइन फ्लू का मामला, मौसम बदलने के कारण हो रहे हैं बीमार

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु)। इन दिनों जनपद के लोगों में वायरल के कारण बुखार और सर्दी जुखाम के कई मामले सामने आ रहे हैं। बुलेटिन की टीम ने जिला अस्पताल में आये मामलों को जाना, तो पता चला कि प्रतिदिन के हिसाब से 300-400 तक मरीज इलाज करवाने आ रहे हैं। इस मामले में डॉक्टरों का कहना है कि यह वायरल ज्यादातर बरसात के दिनों में होता है। इससे लोगों में सर्दी, जुकाम, पेट खराब होना और तेज बुखार आने के लक्षण होते हैं। ऐसे में हमारे शरीर की रक्त कोशिकाएं गिरने के कारण शरीर में थकावट होती है। इसके कारण अगर समय से बचाव नहीं किया जाये, तो जान पर आफत आना लगभग तय है। ऐसे में कोशिश होनी चाहिये कि अगर ऐसे लक्षण शरीर में दिखाई दें, तो फौरन नजदीकी अस्पताल में जायें और इलाज करवायें। डॉक्टरों के अनुसार ऐसी स्थिति बनती है तो आप इससे बचने के लिये समान्य पानी पियें, हो सके तो पानी को उबाल लीजिए और खाना भी समान्य खायें। चटपटे खाने से बचें। फल के जूस और सब्जी के सूप का प्रयोग करें। कोशिश करें कि सार्वजनिक स्थान पर जितना हो सके यानि कि भीड़-भाड़ वाली जगह पर जाने से परहेज करें और अगर जाना ही पड़ता है तो मास्क का प्रयोग करें। मास्क का प्रयोग करने के बारे में हम इसलिये भी जानकारी दे रहे हैं, क्योंकि वायरल सांस के जरिये भी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। कोरोना के बाद से ही मास्क लगाना भी इसलिये जरूरी हो चुका है, क्योंकि हम कोरोना के दौरान देख चुके हैं कि कैसे एक चीन से चली बीमारी ने भारत को भी अपनी चपेट में ले लिया था। डॉक्टरों का कहना है कि कई ऐसी बीमारियां होती हैं, जो सांस के माध्यम से ही एक दूसरे में फैलती हैं। इनसे केवल बचाव ही इसका इलाज होता है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में इन दिनों कई जनपदों में स्वाइन फ्लू के मामले भी सामने आये हैं। इसके बारे में पहले ही सीएमओ को एडवायजरी जारी हो चुकी है। बुलेटिन को जानकारी देते हुए जनपद के सीएमओ सुनील तेवतिया ने बताया कि जनपद में कोई मामला स्वाइन फ्लू का नहीं अया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग इसके लिये पूरी तरह से तैयार है। हमारे पास पहले पीपीए किट और सारे उपकरण मौजूद हैं। अगर फ्लू का कोई मामला आता है, तो हम इसको सही समझ कर उक्त मरीज को सैनेटाइज करके क्वारंटीन कर देते हैं। इसके अतिरिक्त जिस जानवर में यह मामला आता है, उस क्षेत्र को भी सील कर दिया जाता है। फिलहाल हमारे जनपद में ऐसा मामला नहीं है, लेकिन बुलेटिन हमेशा की तरह से लोगों से यही अपील करता है कि अगर आपको ऐसा कोई संकेत मिलता है, तो बिना डरे अस्पताल जायें और इलाज करवायें।






### जानसठ व भोपा पुलिस ने भी की नशा तस्करों पर कार्यवाही

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत जानसठ व भोपा पुलिस ने भी गांजा व चरस के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों से पूछताछ के बाद कार्रवाई कर उनको जेल भेज दिया। एसपी देहात आदित्य बंसल ने बताया कि जानसठ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तस्कर रामानंद निवासी संधावली थाना मन्सूरपुर को 4 किलो 725 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपए बताई गयी है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है। इसके अलावा भोपा पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत तस्कर पवन उर्फ पप्पन निवासी गांव गादला थाना भोपा को 140 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

### सोशल मीडिया पर रायफल के साथ फोटो वायरल मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। तितावी थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल रायफल के साथ फोटो मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लाइसेंसी रायफल को भी जब्त कर लिया है। हालांकि वायरल फोटो कई महीने पुराना बताया जा रहा है। तितावी क्षेत्र में एक युवक के रायफल के साथ फोटो वायरल हुए। तितावी पुलिस ने मामले में संज्ञान लेते हुए रायफल के साथ फोटो खींचने वाले आरोपी बबलू निवासी जागाहेड़ी थाना तितावी को गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस को पूछताछ में बताया कि लाइसेंसी रायफल सुधीर निवासी गांव सिसौली की है। पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लाइसेंसी रायफल को जब्त कर लिया है। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## चोर बताकर युवक की हत्या करने वाला युवक मुठभेड़ में घायल

बुढ़ाना, 19 अगस्त (बु.)। चोर बताकर एक युवक की हत्या करने वाले एक फरार आरोपी को बुढ़ाना पुलिस ने एक मुठभेड़ के दौरान गोली मारकर पकड़ लिया। मिली जानकारी के अनुसार कशिश पत्नी मोनू कुमार निवासी मोहल्ला पश्चिमी पछाला ने बुढ़ाना पुलिस को बीते दिन एक तहरीर देकर बताया था कि वह कुछ दिन पूर्व बीमारी के चलते अपने पीहर चली गई थी। उसे मोबाइल फोन पर सूचना मिली कि गत दिवस जब उसका पति मोनू करबला रोड बुढ़ाना पर पहुंचकर अपनी बहन बिल्लो के मकान की तलाश कर रहा था, तभी यहां कुछ लोगों ने एक राय होकर उसके पति को घर के अन्दर खींचकर शारीरिक यातनाएं देकर जान से मारने की नीयत से गम्भीर रूप से घायल कर दिया। सभी लोग उसके पति को अन्दर से खींचकर फिर बाहर चबूतरे पर लाकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए फिर से मारपीट करने लगे। उक्त सभी आरोपियों द्वारा उसके पति मोनू की मारपीट कर हत्या कर दी गई। हत्यारे नवाब, इरफान, सलमान, शाकिब व फरीद के अलावा आधा दर्जन लोग और हैं, जो मौहल्ला भटवाड़ा बुढ़ाना के हैं। इन सब लोगों की यातना से उसके पति मोनू की रात में मौत हो गई। इस मामले में नामजद एक आरोपी शादिक को आज बुढ़ाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गोली मारकर पकड़ लिया। इस मामले में पूर्व विधायक उमेश मलिक ने भी मृतक मोनू के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी थी और आज उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी बुढ़ाना पहुंचे और मृतक के परिजनों से घटना की जानकारी लेते हुए उनको सांत्वना दी।



## नमाज पढ़कर लौट रहे युवक की हत्या के मामले में चार सगे भाईयों को हुआ आजीवन कारावास

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। शामली के गांव बलवा में 11 साल पूर्व रंजिश को लेकर युवक की गोली मारकर हत्या के मामले में एडीजे कोर्ट नम्बर 7 ने चार सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इससे पूर्व कोर्ट में मामले के विचाराधीन रहते समय एक आरोपी की मौत हो चुकी है। तीन आरोपियों पर कोर्ट ने 30-30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है, जबकि एक आरोपी पर 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। एडीजीसी विरेन्द्र नागर ने बताया कि शामली जनपद के गांव बलवा निवासी नफीस अहमद ने कोतवाली में 14 जुलाई 2014 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई इकराम व गांव का शाबिर रेलवे स्टेशन के पास चारा काट रहे थे। तभी वहां गांव का अफसरुन तमंचा लेकर पहुंचा और शाबिर पर गोली चला दी। हमले में वह बाल बाल बच गया। उसके भाई ने उससे तमंचा छीन लिया। इसी रंजिश में आरोपी अफसरुन अपने भाई नवाब, इंसार, कादिर व इस्लाम को लेकर थोडी देर बाद फिर से आ गया। उस समय उसका भाई इकराम नमाज पढ़कर लौट रहा था। आरोपियों ने तमंचे से सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। एडीजीसी ने बताया कि मामले की सुनवाई एडीजे कोर्ट नंबर सात के न्यायाधीश रितेश सचदेवा की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने चार सगे भाई नवाब, इंसार, कादिर, इस्लाम पुत्रगण जमशेद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी इंसार पर 40 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है, जबकि अन्य तीन आरोपियों पर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।



### अश्लील नृत्य के चक्कर में फंसे 9 पुलिसकर्मी निलम्बित

जौनपुर, 19 अगस्त (वार्ता) उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बदलापुर कोतवाली में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर थाना परिसर में हुये अशोभनीय आयोजन पर प्रभारी निरीक्षक समेत नौ पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बदलापुर थाने में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम के दौरान फिल्म शराबी के मशहूर गीत मुझे नौ लखा मंगा दे रेओ सैया दीवाने पर अश्लील डांस हुआ, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। परिणाम स्वरूप बदलापुर के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय के निलंबन के बाद मंगलवार को दो दरोगा समेत आठ पुलिसकर्मी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जद में आ गए हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना के प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर दिया और एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव से जांच कराई। जांच में यह साबित हुआ कि दो उपनिरीक्षक और छह सिपाही अशोभनीय कार्यक्रम में शामिल थे। सभी को आज निलंबित कर दिया गया है।

MAX Healthcare

मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज, (दिल्ली) के श्रेष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ से परामर्श, अब आपके शहर, मुज़फ़्फ़रनगर में



ओ.पी.डी. शेड्यूल

डॉ. तृप्ति सक्सेना
डायरेक्टर – रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज

गुरुवार, 21 अगस्त, 2025 । सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक

आनंद मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, भोपा रोड, मुज़फ़्फ़रनगर

समस्याएँ: थकान, वज़न घटना या बढ़ना, सूजन या गांठ असामान्य रक्त का बाहर निकलना इत्यादि।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: +91 821 8149646

www.maxhealthcare.in

मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज (बालाजी मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक रिसर्च सेंटर की एक इकाई)
108 ए, इंद्रप्रस्थ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली -110 092 फोन: + 91-11-4303 3333

# मणिका विश्वकर्मा ने जीता मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 का ताज

**जयपुर, 19 अगस्त (एजेंसी)।** भारत को इस साल अपनी नई मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 मिल गई हैं। राजस्थान के जयपुर में आयोजित इस भव्य प्रतियोगिता में गंगानगर की रहने वाली मणिका विश्वकर्मा ने ताज अपने नाम किया। खिताब जीतने के बाद उनके चेहरे की मुस्कान और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। इस खिताब के साथ ही अब मणिका विश्वकर्मा भारत की ओर से थाईलैंड में होने वाले 74वें मिस यूनिवर्स कॉन्टेस्ट 2025 में हिस्सा लेंगी, जहां 130 देशों की सुंदरियां एक मंच पर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास दिखाएंगी। आपको बता दें कि मणिका विश्वकर्मा का सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है। गंगानगर जैसे छोटे शहर से निकलकर उन्होंने बड़े सपनों की उड़ान भरी। मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 बनने से पहले मनिका मिस यूनिवर्स राजस्थान 2024 का खिताब जीत चुकी थी। इसके बाद उन्होंने दिल्ली का रुख किया और मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। यहीं से उन्होंने बड़े मंच पर उतरने की तैयारी की। अब जब वह मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 बन चुकी हैं, तो उन पर बड़ी जिम्मेदारी भी आ गई है। भारत की ओर से दुनिया के सबसे बड़े ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लेना गर्व की बात है। मणिका की जीत सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का पल है। उनका सपना है कि वह भारत के लिए मिस यूनिवर्स का ताज लेकर आएं। मनिका ने भावुक होते हुए कहा कि यह सफर मेरे लिए बेहद खास रहा। गंगानगर से दिल्ली तक की यात्रा आसान नहीं थी, लेकिन आत्मविश्वास और साहस ने मुझे यहां तक पहुंचाया। मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों, दोस्तों और उन सभी का धन्यवाद करना चाहती हूं, जिन्होंने इस सफर में मेरा साथ दिया। अब मेरा लक्ष्य भारत का सर्वोत्तम प्रतिनिधित्व करना और मिस यूनिवर्स का ताज अपने देश को समर्पित करना है। मणिका विश्वकर्मा का मानना है कि किसी भी प्रतियोगिता में जीतने के लिए सुंदरता के साथ-साथ आत्मविश्वास और साहस सबसे अहम होते हैं और उन्होंने खुद पर भरोसा किया और लगातार मेहनत की। उनकी इसी लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया। मणिका की जीत पर जूरी सदस्य और बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने उन्हें बधाई दी और आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं दी। उर्वशी ने कहा कि मनिका में भारत को मिस यूनिवर्स का ताज दिलाने की क्षमता है।







# रिमझिम बौछारों से मौसम में रही राहत, तापमान में बढ़ोतरी

## - अगले दो दिनों तक मौसम का मिला-जुला असर रहेगा जारी

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर के साथ ही वेस्ट यूपी में पिछले कुछ दिनों से मौसम सुहाना रहा है, लेकिन अब जल्द गर्मी के साथ उमस का डबल अटैक होने का मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। हालांकि वेस्ट यूपी समेत जनपद मुजफ्फरनगर व उसके आसपास के इलाकों में पिछले 24 घंटे में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन इस बीच धूप निकलने के कारण लोग सुबह के वक्त मंगलवार को उमस से परेशान दिखाई दिए। इस बीच फिर से बादलों की आमद के साथ कई दौर में जारी रिमझिम बौछारों ने मौसम में राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार ऐसे में अभी दिल्ली-एनसीआर समेत वेस्ट यूपी में मौसम मिलाजुला रह सकता है। यानी कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं, जबकि अन्य स्थानों पर धूप भी रहने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में अभी बादलों की आवाजाही यूं ही लगी रहेगी, लेकिन उमस का डबल अटैक दिल्ली-एनसीआर के लोगों को भी अगले कुछ दिनों में झेलना होगा। यह स्थिति लोगों के लिए आने वाले दिनों में असहज हो सकती है, खासकर उन लोगों के लिए जो गर्मी से राहत की तलाश कर रहे हैं।



मौसम विभाग के जारी अलर्ट के बीच फिलहाल, बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बना हुआ है, जिसके कारण गुजरात में भारी बारिश होने के साथ इस लो प्रेशर एरिया का दिल्ली के साथ समूचे एनसीआर पर कितना असर पड़ेगा, इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है। दिल्ली-एनसीआर में ऐसे में फिलहाल आगामी 24 अगस्त तक बादल रहेंगे। वहीं एक-दो दिन में मौसम करवट ले सकता है, यानी मध्यम बारिश हो सकती है, लेकिन 20 अगस्त को मिला-जुला मौसम रहने की संभावनाओं के बीच 21 अगस्त से फिर से इन क्षेत्रों में मध्यम बारिश होने के आसार हैं। मौसम की सही मॉनिटरिंग अभी की जा रही है। मौसम विभाग के तीन दिनों के जारी अलर्ट के बीच मंगलवार को नगर मुख्यालय का अधिकतम तापमान दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ जहां 31.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, वहीं न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी का क्रम जारी रहने के साथ 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग द्वारा हालांकि बारिश का आंकड़ा तो जारी नहीं किया गया, लेकिन दिन में कई दौर में रिमझिम बारिश के कारण नगर क्षेत्र में गर्मी और उमस से राहत मिली।

# बाइक सवार दो युवक कपड़ा व्यापारी से ठगी करके फरार

**मीरापुर, 19 अगस्त (बु.)।** कस्बे के मुख्य बाजार में दो बाइक सवार दो ठग एक कपड़ा व्यापारी से 4700 रुपए के कपड़े की ठगी कर-के फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। गांव जड़वड़ निवासी सुरेंद्र पुत्र बदलू सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मीरापुर के कॉपरेटिव बैंक के समीप कान्हा मार्केट में उसकी रेडीमेड कपड़ों की दुकान है। उसने बताया कि सोमवार की देर शाम एक बाइक सवार दो युवक उसकी दुकान पर आये और दोनों ने उसके यहाँ से 4700 रुपए के कपड़े खरीदे। भुगतान के लिए युवकों ने ऑनलाइन पेमेंट करने को कहा, तो युवकों ने कोड स्कैन करके उसे बोल दिया कि भुगतान कर दिया। व्यापारी को शक हुआ तो उसने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी व्यापारी को धक्का देकर बाइक लेकर फरार गए। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है। बता दें कि पूर्व में भी कस्बे के कई व्यापारियों से इस प्रकार की ठगी हो चुकी है।

# पूर्व मंत्री चितरंजन स्वरूप को किया पुण्यतिथि पर नमन

## - विकास पुरुष के रूप में उनके कार्यों को किया गया याद

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** जनपद के विकास पुरुष कहे जाने वाले पूर्व मंत्री स्व. चितरंजन स्वरूप को उनकी 10वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मंगलवार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा नगर विकास के लिए कराए कार्यों के लिए याद किया। पुण्यतिथि पर भावपूर्ण स्मरण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि राजनीति में अपने व्यक्तित्व से स्व. चितरंजन स्वरुप ने विशिष्ट पहचान बनाने के साथ जिले में सौहार्द्र व भाईचारे के लिए जीवनभर कार्य किया। वहीं पीड़ितों को न्याय दिलाने व समाज के हर वर्ग के लिए उनकी सेवाएं सदैव याद रहेंगी। स्थानीय सनातन धर्म इंटर कॉलेज सभागार में पूर्व मंत्री स्व. चितरंजन स्वरूप की याद में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस दौरान समस्त अध्यापक एवं कर्मचारियों ने कॉलेज के पूर्व प्रबंधक स्व. चितरंजन स्वरूप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रधानाचार्य आदित्य प्रकाश सक्सेना ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भले ही स्व. चितरंजन स्वरूप को इस नश्वर संसार का त्याग किए हुए 11 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन वो आज भी समर्थकों एवं आम लोगों के दिलों में चचा चित्तो बनकर जीवित हैं। इसके अलावा अंग्रेजी प्रवक्ता राहुल कुमार ने उनके जीवन एवं कार्यों का उल्लेख किया। इस दौरान मुख्य रूप से अनिल मित्तल, सोहन पाल, डॉ. राजबल सैनी, राहुल कुशवाहा, संजय सिंह, अरविंद कुमार समेत समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। उधर, मंगलवार को स्वरूप परिवार ने भी दसवीं पुण्यतिथि पर पूर्व मंत्री स्व. चितरंजन स्वरूप को सादगी के साथ याद किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, सौरभ स्वरूप बंटी एवं विकास स्वरूप बब्बल ने परिवार सहित अपने पिताजी को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सपनों को साकार करने का प्रण लिया। बता दें, स्वरूप परिवार का राजनीति में दखल प्रदेश की चौथी विधानसभा के गठन के समय से ही है। स्वरूप परिवार के शाह जी विष्णु स्वरूप ने वर्ष 1967 में कांग्रेस के मजबूत दौर में शहर विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा और जीते। उनकी राजनीतिक विरासत को चितरंजन स्वरूप ने बखूबी संभाला। साल 1978 में चितरंजन स्वरूप कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े और मात्र 28 साल की आयु में वो विधायक बने। जिले में उन्होंने सबसे युवा विधायक होने का रिकार्ड बनाया। वो तीन बार शहर सीट से विधायक चुने गये और 19 अगस्त 2015 तक कुल 4290 दिन तक विधायक रहे।



# विवाहिता प्रेमी संग हुई फरार

**भोपा, 19 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव में अपने रिश्तेदारों के घर पर आई विवाहिता रिश्तेदारों के घर पर अनुपस्थिति का फायदा उठाकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। घर वापस पहुंचे रिश्तेदारों को जब घटना का पता लगा, तो उन्होंने विवाहिता की तलाश की, लेकिन जब विवाहिता के बारे में कुछ पता नहीं लग पाया, तो उन्होंने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी उसके साढ़ू की विवाहिता पुत्री तीन दिन पूर्व उसके घर पर आई थी और तभी से उसके घर पर ही रह रही थी। आरोप है कि बीते सोमवार की सुबह को उसके गांव निवासी एक युवक उनकी अनुपस्थिति का फायदा उठाकर उनके घर पर आ गया और विवाहिता को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। दोपहर को जब वह अपने घर पहुंचे, तो उन्हें इस घटना का पता चला। पीड़ित ने बताया कि विवाहिता उसके घर से सोने-चांदी के जेवर और पचास हजार रुपए भी ले गई है। काफी तलाश करने के बाद जब विवाहिता का कोई पता ना लगा, तो पीड़ितों ने थाने पहुंचकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# लोन दिलाने के नाम पर हजारों रुपए की ठगी का आरोप

**भोपा, 19 अगस्त (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव ककराला निवासी व्यक्ति ने उत्तराखंड निवासी एक आरोपी पर सरकारी योजना के बीस लाख रुपए का लोन दिलाने के नाम पर सत्तर हजार रुपए की ठगी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है। भोपा थानाक्षेत्र के गांव ककराला निवासी प्रवीण कुमार ने थाने पहुंचकर बताया कि उत्तराखंड निवासी एक व्यक्ति का उसके घर पर आना जाना था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि छह माह पहले आरोपी ने उसे सरकारी योजना में बीस लाख रुपए का लोन पच्चीस प्रतिशत छूट पर दिलाने का प्रलोभन दिया और उसे अपने जाल में फंसाते हुए सुविधा शुल्क के नाम पर उससे सत्तर हजार रुपए हड़प लिए, जिसके बाद आरोपी ने उसके पास आना-जाना बंद कर दिया, जब उसने आरोपी से अपने रुपए वापस मांगे, तो आरोपी ने रुपए देने से भी मना कर दिया। अपने साथ हजारों रुपए की ठगी का एहसास होने पर पीड़ित भोपा थाने पर पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।

# सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा- राष्ट्रपति ने सलाह मांगी तो दिक्कत क्या, सरकार बोली- क्या कोर्ट संविधान दोबारा लिख सकती है

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रपति और राज्यपालों के बिलों पर हस्ताक्षर करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने पूछा, 'जब खुद राष्ट्रपति ने राय मांगी है तो इसमें दिक्कत क्या है? क्या आप वाकई इसे चुनौती देना चाहते हैं। बेंच ने कहा कि कोर्ट इस मामले में सलाहकारी अधिकार-क्षेत्र में बैठी है, यानी अभी यह कोई अंतिम आदेश नहीं बल्कि केवल राय देने की प्रक्रिया है। केंद्र सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि ने सुप्रीम कोर्ट के अप्रैल 2025 वाले फैसले पर कहा कि क्या अदालत संविधान को फिर से लिख सकती है? कोर्ट ने गवर्नर और राष्ट्रपति को आम प्रशासनिक अधिकारी की तरह देखा, जबकि वे संवैधानिक पद हैं। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, 'संविधान सभा ने जानबूझकर गवर्नर और राष्ट्रपति के लिए कोई समय सीमा नहीं रखी थी।' इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तमिलनाडु मामले में दखल इसलिए देना पड़ा क्योंकि गवर्नर लंबे समय तक बिलों पर बैठे रहे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया रुक गई। अब अदालत तय करेगी कि राष्ट्रपति और गवर्नर की शक्तियों पर उसकी व्याख्या कितनी लागू होगी। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर बेंचच में आज केरल और तमिलनाडु सरकार की शुरूआती आपत्तियों पर सुनवाई हुई। दोनों राज्यों का उनका कहना है कि राष्ट्रपति ने जो सवाल उठाए हैं, उनमें से ज्यादातर का जवाब पहले ही तमिलनाडु वाले फैसले में मिल चुका है सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी। वहीं, केरल सरकार की तरफ से सीनियर एडवोकेट केके वेणुगोपाल और तमिलनाडु की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी शामिल हुए।



# दोस्तों संग मिलकर पत्नी की हत्या कर कब्रिस्तान में दफनाया शव

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** महरौली थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अवैध सम्बन्ध के शक में पत्नी रबाब की हत्या कर दी और शव को कब्रिस्तान में दफना दिया। पुलिस ने महिला के शव को कब्रिस्तान से निकलवा कर आरोपित पति सहित उसके दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपित शबाब अली ने अपनी पत्नी को दो अगस्त को नींद की गोलियां और जहरीला पदार्थ खिलाकर मार डाला और अपने दो दोस्तों की मदद से उसके शव को चंदनहौला कब्रिस्तान में दफना दिया। पुलिस के अनुसार 10 अगस्त को 30 वर्षीय महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट उसकी सहेली अफसाना ने दर्ज कराई थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने के दौरान शबाब अली अपने साथियों के साथ महिला को बेहोशी की हालत में कार से ले जाते हुए दिखाई दिया।सख्ती से पूछताछ में उसने दो अगस्त की रात उसने पत्नी की हत्या कर शव को दफनाने की बात कबूल की। पुलिस ने 15 अगस्त को एसडीएम की मौजूदगी में कब्रिस्तान से शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। मामले में आरोपी पति शबाब अली के अलावा उसके साथी शाहरुख और तनवीर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस एक अन्य फरार आरोपित की तलाश कर रही है।

# निर्दोष हेमंत शर्मा की रिहाई हेतु सड़कों पर उतरे शिवसेना-क्रांति सेना के कार्यकर्ता

- जनपद में ड्रग्स माफियाओं पर अंकुश लगाने की उठाई मांग
- निर्दोष हेमन्त शर्मा की रिहाई के साथ दोषियों पर हो कार्रवाई
- नारकोटिक्स विभाग की कार्य प्रणाली पर उठाए सवाल

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** जनपद में ड्रग्स माफियाओं के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए जिला मुख्यालय पर शिवसेना एवं क्रांति सेना कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य मार्गो से जुलूस निकालते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। क्रांतिसेना के मंडल अध्यक्ष शरद कपूर एवं शिवसेना के जिला प्रमुख बिट्टू सिखेड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय से नारेबाजी करते हुए सड़कों पर उतरे। पार्टी दफ्तर से कोर्ट रोड, शिव चौक, झांसी की रानी होते हुए डीएम दफ्तर पहुंचे शिव सैनिकों ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया कि जनपद ड्रग्स माफियाओं का गढ़ बन चुका है, जिनके संरक्षण में गली-मौहल्लों व गांव देहात में बिक रही नशीली दवाओं की जद में आए बच्चे और युवाओं का भविष्य चौपट होता जा रहा है। शहर की सड़कों और रेलवे रोड पर कूड़ा बीन रहे छोटे बच्चे नशीली दवाओं का सेवन करते दिखाई दे जाएंगे, जिससे इनका भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स माफिया एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत बेरोजगार लड़कों को अपने जाल में फंसाते हुए उनकी आईडी पर सरकारी अफसरों की मिली भगत से मेडिकल स्टोर के लाइसेंस को तैयार करवाने के साथ लाइसेंसों को स्वयं 5-7 हजार रुपए महीना किराए पर लेकर उस पर नशीली दवाओं और नशीले इंजेक्शन का कारोबार शुरू कर देते हैं। उन्होंने बताया कि इस उक्त लाइसेंस के आधार पर इन बेरोजगार युवाओं को जेल भेज कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है। शिवसेना नेताओं ने बीते दिवस की धंधे का भंडाफोड़ होने पर लाइसेंस धारी बेरोजगार युवक गिरफ्त में आ जाते हैं जबकि बड़े ड्रग्स माफिया अपने पैसे और पावर के बल पर बच जाते हैं। यही कारण है कि ड्रग्स के धंधे पर किसी तरह का कोई अंकुश नहीं है, वहीं नारकोटिक्स विभाग भी कागजी खानापूर्ति कर घटना का जिक्र करते हुए नारकोटिक्स विभाग देहरादून टीम द्वारा जिला परिषद बाजार से गिरफ्तार लोगों को गिरफ्तार करने और रात होते-होते मोटी रकम लेकर यहां सफेदपोशों की सिफारिश पर उन्हें छोड़ दिए जाने के आरोप लगाए। शिवसेना ने इन ड्रग्स माफिया व नारकोटिक्स विभाग की मिलीभगत से पिछले एक महीने पर शिवसेना से जुड़े हेमंत शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने और वास्तविक दोषी अक्षय शर्मा, गौरव शर्मा, सुबोध शर्मा जैसे ड्रग्स माफियाओं को पकड़ने में नारकोटिक्स विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। शिवसेना व क्रांतिसेना नेताओं ने चेतावनी दी यदि ड्रग्स माफियाओं के विरुद्ध कार्यवाही और जेल में बंद बेरोजगार हेमंत शर्मा की रिहाई नहीं हुई तो पार्टी अनिश्चितकालीन आंदोलन के साथ ड्रग्स माफियाओं के ठिकानों पर ताले डाल देगी। प्रदर्शन के दौरान प्रमोद अग्रवाल, देवेंद्र चौहान, ओंकार पंडित, मंगतराम सोनकर, नरेंद्र ठाकुर, अमित गुप्ता, योगेंद्र सैनी, उज्ज्वल पंडित, बृजपाल कश्यप, सहेंद्र कश्यप, अमन सिंह, मानुज कश्यप, पिंकू नावला, अभिषेक शर्मा, निकुंज चौहान, शुभम पाल, गौरव शर्मा, सुमित धीमान, रूपराम, प्रभात रावत, राकेश, राजेंद्र, भारत, बबलू, अरविंद, शैलेंद्र विश्वकर्मा, अमित, साकेत, सूरज, सुभाष, धर्मवीर, बॉबी ठाकुर, नितिन, मोहित, दिनेश शास्त्री नरेश सैनी, किरणपाल आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र निखिल त्यागी व उसकी पत्नी कोमल मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। मेरा पुत्र निखिल त्यागी गलत संगत में उठने-बैठने लगा है। इसलिए मैंने अपने पुत्र निखिल त्यागी व पुत्रवधू कोमल को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा पुत्र निखिल त्यागी व पुत्रवधू कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेन-देन करते हैं तो उसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। आज से मेरा व मेरे परिवार का इन दोनों से कोई मतलब- वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहा है।

पिंकी त्यागी पत्नी संजय त्यागी
4/10, कच्चा घेर, विकास भवन
नुमाइश कैम्प रामपुरम, मु०नगर

## सार्वजनिक सूचना

I, PARTIBHA SHARMA W/O BRIJ BHUSHAN SHARMA R/O GALI NO, 10/5, DURGA MANDIR, BACHAN SINGH COLONY,MUZAFFARNAGAR, MUZAFFARNAGAR, UTTAR PRADESH-251001, have changed my name and shall hereafter be known as MEENAKSHI.

## सार्वजनिक सूचना

I, BRIJ BHUSHAN BHARDWAJ S/O SATYA PAL R/O GALI NO 10/5, DURGA MANDIR, BACHAN SINGH COLONY, MUZAFFARNAGAR, MUZAFFARNAGAR, UTTAR PRADESH-251001, have changed my name and shall hereafter be known as BRIJ BHUSHAN SHARMA.

# एमजी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया कुरुक्षेत्र विज्ञान केंद्र का शैक्षिक भ्रमण

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** एमजी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा के निर्देशन में कुरुक्षेत्र विज्ञान केंद्र का शैक्षिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान शो, तारामंडल शो और थ्री-डी शो का आनंद लेते हुए अनेक वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान व प्रौद्योगिकी की अद्भुत झलकियों को देखा, प्रायोगिक गतिविधियों में भाग लिया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने हर घर तिरंगा अभियान में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा एवं जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार एमजी पब्लिक स्कूल के मानक क्लब के सदस्यों ने कुरुक्षेत्र हरियाणा में स्थित कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र के भ्रमण के दौरान तकनीकी सत्र में प्रतिभाग किया। बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून के निर्देशन में और एसपीओ सरिता त्रिपाठी के संचालन में एमजी पब्लिक स्कूल के चालीस छात्र व छात्राओं को कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र का मानक आधारित भ्रमण कराया गया, जहां बच्चों ने विज्ञान शो, तारामंडल शो व थ्री-डी शो का आनंद उठाया। विज्ञान केंद्र में भारत की वैज्ञानिक विरासत का जीवंत प्रदर्शन किया गया है। इसके साथ ही प्रतिभाग मानक क्लब के सदस्य छात्र-छात्राओं ने यहां पर अनेक दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले वैज्ञानिक सिद्धान्तों का प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया है। मानक क्लब मेंटर लोकेश शर्मा ने विज्ञान केन्द्र में स्थित अनेक प्रयोगों का व्याख्यान भारतीय मानकों के आधार पर किया। छात्र व छात्राओं ने इस भ्रमण पर अपनी वैज्ञानिक दक्षता का भी निरीक्षण किया। कई प्रयोगों को देखकर वे रोमांचित व उत्साहित दिखाई दिए। विज्ञान केंद्र में भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के प्रति भी लोगों को जागरुक किया गया, यहां हर घर तिरंगा सेल्फी पॉइंट पर सभी ने सेल्फी लेकर अभियान के पोर्टल पर अपलोड कर प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक तकनीकी भ्रमण से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है और उनमें नवाचार तथ्यों को सोचने व समझने की क्षमता बढ़ती है। इस शैक्षिक भ्रमण में जिला समन्वयक राजीव वर्मा, मेंटर लोकेश शर्मा, दीपाली गोयल, मनीता शर्मा, व नीता अरोरा का विशेष सहयोग रहा। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा का इस वैज्ञानिक भ्रमण के लिए आभार जताया।



# द्वितीय दिवस पर जंकयार्ड प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर की इकाई श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में चल रहे प्रारम्भ-2025 कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर जंकयार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्रों को समूह में विभाजित किया गया एवं वर्तमान में उपलब्ध जंक, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल आदि का स्क्रैप के प्रयोग द्वारा कुछ नये मॉडल (वर्किंग या नॉन वर्किंग) डिजाइन करने को दिये गये हैं। इस प्रतियोगिता को छात्रों द्वारा कुल तीन दिवस अर्थात 4 घण्टे प्रतिदिन में अपना मॉडल पूर्ण किया जाना है। आज जिन मॉडल्स पर कार्य प्रारम्भ किया गया उनमें से कुछ इस प्रकार हैं, हाइड्रॉलिक जैक, सोलर कार, स्वचालित स्ट्रीट लाइट, होम ऑटोमेशन आदि। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों के अंदर छुपी रचनात्मकता को उजागर किए जाने के साथ-साथ उन्हें क्रिटिकल डिजाइनिंग तथा थिंकिंग के पथ पर धीरे-धीरे अग्रसर करना है। इंजीनियर्स का कर्त्तव्य है कि वे अपने जीवन में कुछ नवचार करते रहें और इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से उन्हें खराब हो चुके सामान द्वारा कुछ नया निर्मित करने की प्रेरणा मिलेगी तथा साथ ही उन्हें इंजीनियरिंग की व्यावहारिकता के प्रथम चरण से आगे का रास्ता भी दिखेगा। इस अवसर पर संस्था के निदेशक डॉ. एसएन चौहान द्वारा छात्रों के अनुशासन बढ़ाते हुए कहा कि हमारे समाज को स्थिरता की आवश्यकता है और कम से कम वेस्ट उत्पादन हमारी प्राथमिकता है। हमारे भावी इंजीनियर्स को इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिये कि जिससे वे कचरे से भी उपभोग योग्य वस्तु निकालकर उपयोग में ला सकें। संस्था की डीन डॉ. सुचित्रा त्यागी ने मुख्य अतिथि तथा सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी. के विभागाध्यक्ष इं. आशीष चौहान, इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी. की विभागाध्यक्षा इंजी. कनुप्रिया, मैकेनिकल इंजी. विभाग के विभागाध्यक्ष इं. पवन कुमार, सिविल इंजी. के विभागाध्यक्ष इं. फिरोज अली, इलैक्ट्रिकल इंजी. के विभागाध्यक्ष डॉ. अंकुर कुमार तथा अन्य सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# एशिया कप के लिए भारतीय टीम का हुआ ऐलान

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो गया है। चयनकर्ताओं ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। बता दें कि एशिया कप का आगाज 9 सितंबर से होगा और इसका फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम एशिया कप का खिताब जीतने की भरसक कोशिश करेगी। बता दें कि शुभमन गिल को भारत का नया टी-20 उपकप्तान बनाया गया है। बता दें कि 2023 के एशिया कप में भी भारतीय टीम ने भी खिताब जीता था। इस बार के एशिया कप स्क्वाड में ऐसे पांच खिलाड़ियों का चयन नहीं हो पाया है जिन्होंने अपने टी-20 करियर का शानदार आगाज किया था लेकिन भारत की टी-20 टीम में मौका नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में जानते हैं टॉप 5 ऐसे खिलाड़ी के बारे में जिनका चयन एशिया कप की टीम में नहीं हो पाया है। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार परफॉर्मेंस किया था और भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अय्यर ने भारत के लिए अब तक 51 टी-20 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 136.12 की स्ट्राइक रेट और 30.66 के औसत से 1104 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 8 अर्धशतक भी लगाए थे। वहीं, अय्यर ने आईपीएल 2025 में खेले 17 मैचों में 175.07 की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए थे, उन्होंने आईपीएल में 6 अर्धशतक जमाने का कमाल किया था। बता दें क अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स फाइनल तक पहुंची थी।




# जो अपने घर बहाव के रुख पर बनाएंगे, सैलाब की लपेट में वो लोग आएंगे।

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बुस.)।** हिन्दी, उर्दू को समर्पित संस्था, समर्पण की काव्य गोष्ठी केवलपुरी में काशाना ए कमर पर आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गीतकार ईश्वर दयाल गुप्ता व संचालन आस मोहम्मद अमीन ने किया। गोष्ठी में उर्दू संस्था कमर अदबी सोसाइटी की ओर से प्रकाशित पुस्तक, कारवांने कमर का विमोचन हुआ, जिसके सम्पादक वरिष्ठ शायर अब्दुल हक सहर, मुजफ्फरनगरी हैं। प्रसिद्ध कवियों, शायरों ने रचना पाठ किया। **सुशील सिंह** ने अपना कन्फ्यूजन यूँ व्यक्त किया- दोराहे पे खड़ा हूं मैं खुद से लड़ा हूं, कौन राह चुनूं मैं बड़ी मुश्किल में पड़ा हूं। **समर काविश ने पढ़ा-** ऐतबार ऐसा उठा इंसान के किरदार से, शहर में हर अजनबी पर अंगुलियां उठने लगीं। **अरशद ज़िया ने पढ़ा-** तुम बरगद, तुम क्या जानो दुख गमलों के पौधों का, कटते रहना है और खुद को ज़िंदा रखना होता है। **डॉ. वीना गर्ग ने कहा-** उपहारों में नहीं मिली है अपने भारत को आजादी, कितने जांबाजों ने इसकी खातिर अपनी जान गंवा दी, **ईश्वर दयाल गुप्ता ने कहा-** नगीनों में एक नगीना है, यह जो सावन का महीना है। **प्रीतम सिंह प्रीतम शामली ने कहा-** आश्रम नीति कर्मयोग सब गीता ये समझाती है, नीच नहीं कोई धरती पर कर्म से अपनी जाती है। **जुनैद अजहर ने पढ़ा-** इसी वास्ते तो मैं रख रहा हूं मताए दिल को संभाल कर, मेरे पास और बचेगा क्या तेरी चाहतों को निकाल कर। **रजा शाह पुरी की विवशता देखिये-** मुझ से तन्हा सफर नहीं होता, और वो राहबर नहीं होता, **शहजाद अली ने पढ़ा-** उर्दू की खुशबू, हिंदी का सिंगार, दोनों मिलकर हैं मेरे दिल का करार, **शमीम किरत पुरी ने कहा-** ऐ मेरे दोस्त बता क्या ये मुनासिब होगा, तू मेरे सामने गैरों से मुखातिब होगा, **अब्दुल हक सहर का कलाम-** जो अपने घर बहाव के रुख पर बनाएंगे, सैलाब की लपेट में वो लोग आएंगे। इनके अलावा मासूम बच्ची मायदा नाज ने अपनी शानदार हाजरी दर्ज करायी। महबूब आलम एडवोकेट, वीर सिंह फराज, आस मोहम्मद अमीन, सलीम जावेद कैरानवी, डॉ. सहदेव सिंह आर्य देव, ब्रजेश गर्ग और डॉ. नवेद अख्तर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में नगर गौरव विद्वान उमाकांत शुक्ल जी और वरिष्ठ शायर सलीम अहमद सलीम के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## सी.पी. राधाकृष्णन और तमिलनाडु

चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन को एनडीए की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है। वे महाराष्ट्र के 24वें और वर्तमान राज्यपाल हैं। वह कोयंबतूर से दो बार लोकसभा के लिए चुने गए थे। वह तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी थे। उनके उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में आ जाने पर तमिलनाडु की राजनीति में हलचल होने लगी है। माना जा रहा है कि भाजपा ने उन्हें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में उतार कर तमिलनाडु की राजनीति को अपनी ओर मोड़ने की कोशिश की है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष के सभी दलों से सी.पी. राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से उपराष्ट्रपति चुनने की अपील की। पीएम ने कल एनडीए की बैठक में सभी दलों से एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन को निर्विरोध चुने जाने की अपील की। उन्होंने राधाकृष्णन के जनसेवा भरे जीवन की भी प्रशंसा की। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने सी.पी. राधाकृष्णन की तारीफ करते हुए कहा कि वह जमीनी व्यक्ति हैं और राजनीति में खेल नहीं करते हैं। उनकी यह टिप्पणी पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ से जोड़कर देखी जा रही है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने संवाददाताओं को बताया कि पीएम मोदी ने अपने संबोधन में विभिन्न दलों, खासकर विपक्ष से राधाकृष्णन का समर्थन करने की अपील की, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उनका सर्वसम्मति से चुनाव हो। सांसदों की बैठक में प्रधानमन्त्री मोदी और भाजपा के कई सहयोगी दलों सहित शीर्ष नेताओं ने राधाकृष्णन का अभिनंदन किया। सियासी गलियारों में चर्चा है कि यह नाम दिखने में भले सहज लगे, लेकिन इसके पीछे एक बड़ा राजनैतिक गणित है, जो आने वाले चुनावों की दिशा तय कर सकता है। राधाकृष्णन को उम्मीदवार घोषित कर भाजपा एक तीर से कई निशाने लगाना चाहती है। तमिलनाडु की राजनीति लंबे समय तक द्रविड़ आंदोलन से प्रभावित रही है। पिछले पांच दशकों से राज्य की राजनीति में डीएमके और एआईएडीएमके का दबदबा रहा है। कांग्रेस या भाजपा इन्हीं के सहयोग से वहाँ अपनी हाजरी दर्ज करा पाई हैं। इस समय डीएमके के एम. के स्टालिन तमिलनाडु के मुख्यमन्त्री हैं। वे क्षेत्रीय पहचान और भाषा के मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर हमलावर रहते हैं। राज्य में कांग्रेस, डीएमके के साथ खड़ी है। अगले साल तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने 4 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं एनडीए गठबंधन में शामिल एआईएडीएमके को 66 सीटें मिली थीं। इस बार भी यह गठबंधन है। पीएम नरेन्द्र मोदी काफी समय से तमिलनाडु में सियासी पकड़ मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिल रही है, जब नया संसद भवन बना तो पीएम ने तमिलनाडु के अधीन मठ से सेंगोल स्वीकार किया और उसे लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास स्थापित किया। पीएम ने काशी तमिल संगमम भी आरम्भ किया। वाराणसी और तमिलनाडु को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, भाषा और साहित्य के तौर पर जोड़ने की कोशिश की। यह सब प्रयास तमिलनाडु से उनके विशेष जुड़ाव को प्रगट करते हैं। इसी सिलसिले को आगे बढ़ाने का अगला प्रयास सी पी राधाकृष्णन हैं, क्योंकि अगले साल तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव हैं। राधाकृष्णन वहां की राजनीति में बीजेपी का बड़ा चेहरा हैं। दक्षिण में भाजपा कर्नाटक से आगे नहीं बढ़ पाई है। राधाकृष्णन की मदद से वह तमिलनाडु में पिछड़ों की राजनीति करना चाहती है, जो सम्भव भी है। तमिलनाडु में ओबीसी की आबादी करीब 50 प्रतिशत है। सीपी राधाकृष्णन को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने में बीजेपी की ओबीसी राजनीति को भी एक अहम पहलू माना जा रहा है। राधाकृष्णन ओबीसी वर्ग से आते हैं। दक्षिण भारत में बीजेपी की पकड़ अभी सीमित है और ऐसे में पार्टी राज्य के ओबीसी वोटरों को आकर्षित करने के लिए इस सामाजिक समीकरण पर जोर दे रही है। विपक्ष पिछले कुछ समय से ओबीसी का मुद्दा जोर-शोर से उठा रहा है, ऐसे में राधाकृष्णन का नाम काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। राहुल गांधी की राजनीति का एक अहम मुद्दा ओबीसी है। वे इसे लेकर बीजेपी पर लगातार हमलावर हैं, लेकिन अब बीजेपी के पास विपक्ष के इस नैरेटिव को तोड़ने के लिए एक और नाम होगा। भले ही उपराष्ट्रपति का चुनाव सीधे जनता से जुड़ा नहीं होता, लेकिन उससे पूरे देश को एक संदेश अवश्य जाता है, भाजपा का जोर इस बात पर है कि वह खुद को दिखाना चाहती है कि वह ओबीसी वर्ग की भी पार्टी है। चर्चाओं में एक चर्चा यह भी है कि ओबीसी का मुद्दा विपक्ष का है। अब भाजपा उनकी पिच पर जाकर खेल रही है, लेकिन इससे भाजपा को ज्यादा फायदा नहीं मिलेगा। चर्चा यह भी है कि भाजपा ने उपराष्ट्रपति उम्मीदवार का चयन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का ध्यान रखा है। राधाकृष्णन संघ की पृष्ठभूमि से निकले हैं। संघ का जोर था कि इस बार जगदीप धनखड़ वाली गलती न की जाए। उस व्यक्ति को न चुना जाए, जो कोर विचारधारा का न हो। राधाकृष्णन 16 साल की उम्र ही से संघ से जुड़ गए थे। जगदीप धनखड़ मूल रूप से संघ के नहीं रहे, वे कई पार्टियों से होते हुए बीजेपी में पहुंचे। वहीं राधाकृष्णन संघ से निकले और जनसंघ की राजनीति करते हुए भाजपा में पहुंचे। भारत के दो दर्जन से अधिक राजनीतिक दलों ने लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बीजेपी का मुकाबला करने के लिए एक गठबंधन बनाया था। इस गठबंधन में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के साथ-साथ तमाम क्षेत्रीय दल भी शामिल थे। इसका नाम 'इंडिया' गठबंधन रखा गया। अब कई दल इस गठबंधन से निकल चुके हैं। उपराष्ट्रपति के चुनाव में संसद के दोनों सदनों के सदस्य ही वोटर होते हैं, जिसमें चुने गए सदस्य और राज्यसभा के नामित सदस्य दोनों शामिल हैं। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के कई दल राधाकृष्णन का समर्थन कर सकते हैं। डीएमके, 'इंडिया' गठबंधन में शामिल है राधाकृष्णन,तमिलनाडु से आते हैं। ऐसे में स्टालिन उनका समर्थन कर सकते हैं, जिनकी पार्टी के पास 32 वोट हैं,अगर वे नहीं करते तो भाजपा इसका इस्तेमाल उनके खिलाफ करेगी। राधाकृष्णन, झारखंड के भी गवर्नर रहे हैं। उनकी हेमंत सोरेन के साथ अच्छी बनती है, इंडिया गठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा भी इस मामले में खिसक सकती है। संघ की पृष्ठभूमि और हिंदू छवि के कारण शिवसेना उद्धव ठाकरे पर भी बीजेपी उम्मीदवार का साथ देने का दबाव रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को विपक्ष ने उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बना कर इस चुनाव को दिलचस्प बना दिया है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'नाटक' 'शोर' 'चमचे' 'नेता'

भटके हुए बेकार से लोगों का ये नाटक,
ये शोर शराबा सा ठहर क्यूँ नहीं जाता।
चमचे भी यही सोचते हैं आजकल मिलकर,
नेता से जहालत का असर क्यूँ नहीं जाता।







# सेना भर्ती रैली की तैयारी पूर्ण, नुमाइश ग्राउंड में दौड़ेंगे अभ्यर्थी

## - 13 जिलों के 17 हजार अभ्यर्थी होंगे अग्निवीर भर्ती में शामिल - सेना अफसरों ने दलालों से दी सावधान रहने की सलाह

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के अन्तर्गत जनरल ड्यूटी समेत अन्य सेवाओं में भर्ती के लिए भारतीय थल सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जनपद में आगामी 21 अगस्त की शाम से प्रारंभ हो रही दूसरी अग्निवीर भर्ती रैली की तमाम तैयारियां सैन्य अफसरों ने जिला स्तरीय पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों के साथ में मिलकर पूर्ण कर ली हैं। वेस्ट यूपी के 13 जनपदों को 54 तहसीलों से करीब 17 हजार अभ्यर्थी इसमें प्रतिभाग करेंगे। यह अग्निवीर भर्ती रैली 14 दिन चलेगी। इसमें 06 अगस्त को सभी 13 जनपदों के अभ्यर्थी अग्निवीर क्लर्क पद के लिए दौड़ के मैदान पर अपनी शारीरिक दक्षता को साबित करने को उमड़ेंगे। इस बार सेना ने जिले में भर्ती स्थल के लिए व्यवस्था में परिवर्तन करते हुए स्टेडियम के बजाए नुमाईश मैदान को दौड़ के लिए चयनित किया है। भारतीय सेना भर्ती बोर्ड मेरठ कार्यालय भर्ती अधिकारी कर्नल सत्यजीत बेबले ने मंगलवार को चौ. चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि गुरुवार 21 अगस्त से 06 सितम्बर तक वेस्ट यूपी के 13 जनपदों के अभ्यर्थियों के



लिए अग्निपथ योजना में भर्ती रैली का आयोजन हो रहा है, जिसमें 17 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है, इसमें प्रतिदिन 1200 अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बीते एक माह से भर्ती रैली के लिए तैयारी हो रही हैं। इस बार स्पोर्ट्स स्टेडियम के ट्रैक पर दौड़ कराने के बजाए नुमाईश मैदान पर दौड़ व्यवस्था की गई है, वहां पर 1600 मी. दौड़ के लिए अच्छा सर्किल मिला है। स्टेडियम में एक चक्कर 400 मीटर का है। बारिश को देखते हुए यहां पर दुर्घटना की संभावना के कारण मैदान बदला गया है। स्टेडियम में बीम पुशअप और जिग जैग आदि परीक्षण व्यवस्था की गई है। उन्होंने भर्ती को पूरी तरह से पारदर्शी बताते हुए कहा कि इसमें युवाओं को भ्रमित करने वाले दलालों पर सेना इंटेलीजेंस स्थानीय पुलिस के सहयोग से पैनी नजर बनाये हुए है। युवा किसी के बहकावे में न आयें। उन्होंने बताया कि इस बार भर्ती व्यवस्था में भी कुछ बदलाव किया गया है। पहले शारीरिक दक्षता परीक्षण के बाद लिखित परीक्षा कराई जाती थी, लेकिन इस बार पहले लिखित परीक्षा आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि अग्निवीर भर्ती के लिए 13 जिलों से करीब 63 हजार अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया था, जिनकी लिखित परीक्षा 12 मार्च से 10 अप्रैल के बीच कराई गई। इसमें 17,000 अभ्यर्थियों का चयन किया, जो अब शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्रतिभाग करने जा रहे हैं।

### 22 अगस्त में गौतमबुद्धनगर के साथ दौड़ेंगे शामली के युवा

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। भारतीय थल सेना भर्ती कार्यालय मेरठ क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इन 13 जिलों में पहले दिन 22 अगस्त में गौतमबुद्धनगर व जनपद शामली की कैराना, शामली सदर और ऊन तहसील के युवा शामिल रहेंगे। वहीं 23 अगस्त को बिजनौर की बिजनौर, नगीना, धामपुर व चांदपुर तहसील और 24 अगस्त को बिजनौर की नजीबाबाद तहसील के साथ ही बागपत जनपद में युवा अग्निवीर भर्ती के लिए पूरा दमखम दिखाने को नुमाइश मैदान में दौड़ेंगे। 25 अगस्त को सहारनपुर, बुलन्दशहर की खुर्जा तहसील व 26 अगस्त में डिबाई, सिकन्दराबाद, शिकारपुर व अनूप शहर के युवा शामिल होंगे। वहीं 27 अगस्त को बुलन्दशहर व सियाना तहसील व 29 अगस्त को अमरोहा व रामपुर के सामान्य ड्यूटी अग्निवीर बनने के लिए यहां दौड़ेंगे। 30 अगस्त को मुरादाबाद व गाजियाबाद और 31 अगस्त को हापुड़, मेरठ की सरधना तहसील के युवा शामिल होंगे। मेरठ व मवाना तहसील के युवा एक सितम्बर और मुजफ्फरनगर जनपद के युवाओं को अग्निवीर बनने का मौका 2 सितम्बर को मिलेगा। इसके अलावा अग्निवीर तकनीकी के युवा 3 सितम्बर, ट्रेडमैन 8वीं और ट्रेडमैन 10वीं के साथ अग्निवीर तकनीकी के युवा 4 सितम्बर और सभी जनपदों के अग्निवीर क्लर्क भर्ती के युवा 5 सितम्बर को नुमाइश मैदान में दौड़ लगाने के साथ दमखम दिखाने के लिए शामिल होंगे।

# हिन्दू युवा वाहिनी ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

## - धर्मांतरण रोके जाने को सख्त कानून बनाने की मांग

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। हिन्दू युवा वाहिनी की जिला व नगर इकाई ने कलेक्ट्रेट पहुंच मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में प्रदेश में बढ़ती धर्मांतरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए



दोषियों को फांसी की सजा दिलाए जाने की मांग की। डीएम कार्यालय पर पहुंचे हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों ने धर्मांतरण कराने वालों को सजा दिलाए जाने के साथ ही ऐसे मामलों को समर्थन देने वाले अपराधों व अपराधियों को चिन्हित करते हुए कड़ी कार्रवाई कराए जाने की मांग की। इसके साथ ही धर्मांतरण के मामलों की रोकथाम के लिए सख्त कानून बनाए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष योगेन्द्र तोमर, सोनू तोमर, मोनू तोमर, ऋषभ शर्मा, नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

# बर्थडे से 4 दिन पहले ही छोड़ गए दुनिया अच्युत पोतदार

मुंबई, 19 अगस्त (एजेंसी)। मनोरंजन जगत से आज एक बेहद बुरी खबर सामने आ रही है, जिसने हर किसी को झकझोर के रख दिया है। हिंदी सिनेमा के वेटरन एक्टर अच्युत पोतदार का 91 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनकी मौत की खबर सामने आने के बाद इंडस्ट्री में शोक की लहर छा



गई है। शानदार एक्टिंग करियर में 125 से ज्यादा मूवीज से फैंस का मनोरंजन करने वाले अच्युत को सबसे अधिक फेम सुपरस्टार आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 3 इडियट्स में प्रोफेसर की भूमिका निभाने से मिला था। आपको बता दें कि उन्होंने 91 साल की उम्र में दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। एक्टर की मौत उनके जन्मदिन से 4 दिन पहले हुई। वो 22 अगस्त को अपना 92वां जन्मदिन मनाने वाले थे।जानकारी के अनुसार अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले दिवंगत एक्टर अच्युत पोतदार ने भारतीय सेना में काम किया था। उन्होंने कई साल तक देश की सेवा की और 1967 में वो आर्मी से रिटायर हुए थे।

# विश्व फोटोग्राफी दिवस में हुआ कार्यक्रम को लेकर विचार मंथन

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)। मंगलवार में मुजफ्फरनगर फोटोग्राफर्स वेलफेयर सोसाइटी की ओर से विश्व फोटोग्राफी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सभी फोटोग्राफर को बधाई देने की खातिर आगामी 14 सितंबर को आयोजित होने वाले अधिवेशन व फोटो



एक्सपो की विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर फोटोग्राफर्स वेलफेयर सोसाइटी के जिला अध्यक्ष सरवन मोगा, कोषाध्यक्ष मित्रसेन, महासचिव विकास पाल, जिला प्रभारी सुनील सैनी, संरक्षक ऋषिपाल सैनी, बृजेश पाल, सुरेंद्र पाल, राकेश अरोरा, जोली शर्मा, ओमकार कुमार, टोनी, केपी सिंह, धीरज, बिजेंद्र सैनी, सुधीर चौधरी, प्रदीप, सेंटी पाल, आकाश अग्रवाल, मोनू पाल, अमित शर्मा, अरुण सैनी, राजू, सोनू पाल, सुनील, प्रताप मलिक, सुशील पाल, सुनील, शुभम मोगा, विशु शर्मा, सनी, अन्नू, बिट्टू आदि सभी फोटोग्राफर मौजूद रहे।

# इकरा हसन ने चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर उठाए सवाल

## - बोली, जब बुर्के हटाकर चेहरे देखते हो तब निष्ठा कहा जाती है

नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने भारतीय चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर सवाल उठाए हैं। इकरा हसन ने कहा कि 5 मिनट के वीडियो में कहा कि बुर्के वालियों का चेहरा बुर्के हटाकर देखते हैं और वोटर्स के वीडियो मांगे तो कहते हैं कि मां-बहन के वीडियो हैं। चुनाव आयोग ने बिहार एसआईआर और ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पूरी दुनिया में भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाया है। इकरा हसन ने कहा कि चुनावी गड़बड़ियों पर हमारी शिकायतें उनके पास कैसे पहुंचेंगी? जब शिकायत की अवधि इतनी कम दी जाएगी और सब कुछ लिखित में जाना है। जितना टाइम मिला है, वह पर्याप्त नहीं है। पत्रकार वार्ता में गोल-मोल करके बस एक स्क्रिप्ट पढ़ी गई। चुनाव आयोग की लिस्ट और वीडियो सार्वजनिक करने की नियत नहीं है, क्योंकि धांधली कैसे होगी? देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों पर अंकुश लगे, इसके लिए उन्होंने कुछ भी नहीं कहा। इकरा हसन ने कहा कि 65 लाख हटाए गए वोटर्स के नाम तो पब्लिश किए, लेकिन करेक्शन का समय बस एक तारीख तक का दिया है। इतनी जल्दी लोग




लिस्ट में अपने नाम चेक करके शिकायत कैसे दर्ज कराएंगे? वीडियो को गलत एडिट करने वाली घटना हमारे साथ घटना घटी, तब तो कानून ने कुछ नहीं कहा। कई महिलाओं के साथ गलत वीडियो की घटनाएं घटीं, तब तो कुछ नहीं कहा गया, लेकिन अब खुद को बचाना है तो दलील दे रहे हैं कि मां-बहनों का वीडियो कैसे दें? भारतीय चुनाव आयोग और विपक्षी दलों कांग्रेस और राहुल गांधी के बीच बिहार की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट और मतदान केंद्रों के सीसीटीवी फुटेज को लेकर विवाद जारी है। विवाद बिहार, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में मतदाता सूची में हेरफेर और वोट चोरी के आरोपों से जुड़ा है। राहुल गांधी ने ईसीआई पर वोट चोरी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मशीन-रीडेबल वोटर लिस्ट और मतदान केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज चुनाव आयोग से मांगी है, लेकिन चुना आयोग ने इनकार कर दिया है।



# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पीड़ित परिवार को दिया आर्थिक मदद का आश्वासन

बुढ़ाना, 19 अगस्त (बु.)। उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल और बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने मृतक मोनू तितोरिया के परिवार से उनके घर पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी। इस मौके पर मौजूद बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह को उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव को भी निर्देश देते हुए कहा कि पीडित परिवार की अधिक से अधिक आर्थिक सहायता की जाए। कपिल देव अग्रवाल ने सीओ को कड़े लहजे में कहा कि योगी सरकार में दूसरे वर्ग के लोगों द्वारा युवक को पीट-पीटकर मारना जघन्य अपराध है। समाज में एक पुलिस की प्रतिक्रिया का संदेश जाना चाहिए। वायरल वीडियों के आधार पर पहचान कर सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव को निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित परिवार की अधिक से अधिक आर्थिक सहायता की जाए। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि पुलिस को इस घटना का संदेश समाज को देना है। वे सभी आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई करें। इस मौके पर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र, बुढाना नगर पंचायत के पूर्व चेयरमेन जितेंद्र त्यागी, भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमेन विनोद सैनी, पूर्व सभासद मुकेश शर्मा और रामनरेश आदि भी मौजूद रहे।

# पुत्रवधू की हरकतों से सहमे ससुर ने की कार्रवाई की मांग

भोपा, 19 अगस्त (बु.)। महिला संबंधी अपराधों के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने वाली पुत्रवधू के आतंक से सहमे ससुर ने भोपा थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि लगभग नौ वर्ष पूर्व उसके पुत्र की शादी निकटवर्ती गांव की एक युवती से हुई थी। ग्रामीण ने बताया कि उसकी पुत्रवधू झगड़ालू किस्म की महिला है और घर में कलह रखती है, जिसके चलते उसका पुत्र और पुत्रवधू अपने परिवार सहित उनसे अलग मकान में रहते हैं। ग्रामीण का आरोप है कि उसकी पुत्रवधू का पिता, भाई और एक रिश्तेदार उसे परिवार के लोगों की बेइज्जती करने के लिए उकसाते हैं और उसकी पुत्रवधू उन्हें छेड़छाड़ या दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाकर जेल भिजवाने या परिवार को जान से मारने की धमकी देती है, जिसके कारण उसने अपने घर में सीसीटीवी कैमरे लगा रखे हैं और उसमें उसकी पुत्रवधू की सभी हरकतें रिकॉर्ड होती है। उसने पुत्रवधू की हरकतों के बारे में सामाजिक लोगों को बताया। इसके बाद सामाजिक लोगों ने उसके मायके वालों से बात की, जिसके कारण महिला उनसे और अधिक रंजिश रखने लगी और बीते सोमवार की देर रात उनके घर पर जाकर उसके घर का सीसीटीवी कैमरा तोड़ दिया। पीड़ित ने दूसरे कैमरे में रिकॉर्डिंग मौजूद होने की बात बताते हुए पुत्रवधू के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है।


## श्रद्धांजलि सभा



### डॉ० श्री उमाकान्त जी शुक्ल

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे श्रद्धेय डॉ० श्री उमाकान्त जी शुक्ल (भूतपूर्व रीडर - संस्कृत विभाग, सनातन धर्म महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर) का स्वर्गवास दिनांक- 7 अगस्त, 2025 दिन- बृहस्पतिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी (तेरहवीं) दिनांक 20 अगस्त 2025, दिन- बुधवार को होनी निश्चित हुई है।
हवन - 8 बजे | ब्राह्मणभोज- 11 बजे (हमारे आवास पर)
ब्रह्मभोज - 12 बजे | श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी- 2.30 बजे
स्थान : बारातघर, हकीकतराय गेट-1, गाँधी कालोनी, पचैण्डा रोड, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार:-

श्रीमती सविता शुक्ला (पत्नी)
अरविन्दनाभ शुक्ल - वीणा शुक्ला (पुत्र-पुत्रवधू)
विष्णुकान्त शुक्ल (भाई)
सुस्मिता- अरविन्द शर्मा (पुत्री-दामाद)
प्रज्ञा-संदीप गौतम (पुत्री-दामाद)
कमलेश कपिल, पीयूष शास्त्री,
प्रभात शास्त्री (भानजे)
योगेन्द्र, विनोद, मदन, चन्द्रमौलि, आनन्दवर्धन, अभिनव,
पद्मनाभ, अनुपम, अरुण, रवि (भतीजे)
चन्द्रचूड़, वल्लवी, वरद, वासु, नव्य, भव्य, अंशुमन,
वेणुमाधव, विट्ठल, अर्चिता, रम्या, शिवांगी, सुरुचि,
दिव्यांगी, सिन्धुजा, गौरी, वरदा, वैभवी (पौत्र-पौत्रियाँ)
वृंदा, विनायक, राघवेन्द्र, माधवेन्द्र (धेवती-धेवते)

निवास स्थान :- प्रियंवदा वाटिका, ब्रह्मानंदनीडम्,
604 संजय मार्ग, पटेल नगर, मुजफ्फरनगर।
फोनः 9897410108



## रस्म पगड़ी

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कहेउ मुनि नाथ।
हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश अपयश विधि हाथ।।



### श्रीमति विजय अरोरा

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माता जी श्रीमती विजय अरोरा पत्नी श्री प्रमोद अरोरा जी का स्वर्गवास दिनांक 11-08-2025, दिन- सोमवार को हो गया था।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु रस्म पगड़ी दिनांक 21-08-2025
दिन-बृहस्पतिवार को 2:00 से 3:00 बजे अपराह्न
स्थानः- गाँधी वाटिका, गाँधी कॉलोनी,
मुजफ्फरनगर पर होनी निश्चित हुई है।

शोकाकुल परिवार

प्रियांक अरोरा-सुरभि अरोरा (पुत्र-पुत्रवधू)
प्रवीण अरोरा-नीरजा अरोरा (देवर-देवरानी)
प्रदीप चावला-प्रज्ञा चावला (ननदोई-ननद)
दिनेश मित्रा-अन्जू मित्रा, कौशल मित्रा- राशी मित्रा (भाई-भाभी)
संतोष रतडा-सुरेन्द्र रतडा (बहन-बहनोई)
पार्थ अरोरा, युग अरोरा (पौत्र)

प्रतिष्ठान :- प्रमोद कुमार (शॉल वाले) गुरु तेग बहादुर मार्किट, मुजफ्फरनगर
निवास स्थानः- 117/1, गली नं0 13, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
M.:9808416611, 9808601818


### समाजसेवी के निधन पर मंत्री कपिल देव ने प्रकट की शोक संवेदनाएं

खतौली, 19 अगस्त (बु.)। समाजसेवी व भाजपा नेता के पिता के आकस्मिक निधन पर नगर में पहुंचे प्रदेश सरकार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मिली जानकारी के अनुसार जय हनुमान ग्रुप ऑफ कम्पनीज के स्वामी व भाजपा नेता वैभव जैन के पिता रामपाल जैन के आकस्मिक निधन की सूचना पर उनके मौहल्ला काशीराम स्थित आवास पर पहुंचे प्रदेश के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित भाजपा नेताओं ने अपना शोक व्यक्त कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय सागर, भाजपा नगराध्यक्ष प्रवीण ठकराल, भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

### चार किलो, 725 ग्राम गांजे के साथ आरोपित को पकड़ा

जानसठ, 19 अगस्त (बु.)। सीओ यतेंद्र नागर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि ऑपरेशन सवेरा, नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने जानसठ क्षेत्र से थाना मंसूरपुर के गांव संधावली निवासी मादक पदार्थों की तस्करी करने के आरोपित रामानंद को पकड़ लिया। आरोपित के कब्जे से चार किलो 725 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

# अमरीश ने गांव के ही युवकों पर लगाया जानलेवा हमले का आरोप, एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु)। जनपद के थाना नई मंडी के अंतर्गत आने वाले गांव कूकड़ा के अमरीश पुत्र निरंजन ने गांव के ही भैय्या जी, चांद, पोला, बबलू और राजा के खिलाफ थाने में तहरीर दायर की है। उसने बताया कि आरोपी मीट-शराब का सेवन कर रहे थे और शराब पीकर जोर-जोर से गाली-गलौच करते हुए चिल्लाने लगे। अमरीश की पत्नी ने उन्हें जोर-जोर चिल्लाने व गाली देने से मना किया, तो उक्त आरोपी उसकी पत्नी को जातिसूचक शब्द कहने लगे कि तुम्हें यहां नहीं रहने देंगे। और जान से मारने की धमकी देने लगे, तो अमरीश और उसकी पत्नी अपने घर के अन्दर



चले गये, तभी कुछ देर बाद पदम पुत्र तोता, भैय्या जी, चांद पोला, असलम, बबलू, राजा, शाहरुख, तालिब, सलमान पुत्रगण पदम व इजराईल उर्फ हाथी, गुलबहार, सद्दाम, सलमान, शाहरूख, बीडी, मोनू, साहिल, मोनू, आजम सभी निवासी ग्राम कूकड़ा थाना नई मंडी व 7-8 अज्ञात व्यक्ति अपने हाथों में तलवार, बलकटी लोहे की रोड, सरिया व लाठी-डंडे व तमंचा व पिस्टल लहराते हुए और गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी देते हुए अमरीश के मकान की दीवार कूद कर घर के अन्दर घुस आये। घर के अंदर आते ही वें अमरीश व उसकी पत्नी को गंदी-गंदी गाली देते हुए जातिसूचक शब्द कहने लगे। वो धमकियां दे रहे थे कि हम तुम्हें यहां रहने नहीं देंगे। अमरीश और उसकी पत्नी ने गाली देने से मना किया तो उक्त लोग उसे और उसकी पत्नी को जबरदस्ती खींचकर सड़क पर ले आये तथा प्रार्थी के साथ मारपीट पर उतारू हो गये और उसकी पत्नी को बेइज्जत करने के इरादे से उसके कपड़े फाड़ दिये। आवाज सुनकर आस-पड़ौस के अविनाश, सागर, गोविन्द, कपिल व काफी लोग आ गये और सभी ने बचाने का प्रयास किया। उक्त सभी हमलावर अपने हाथों में लिये हथियारों से बोबिन्द, कपिल, अविनाश व सागर के साथ मारपीट करते रहे, जब तक वह अधमरे होकर लहू-लुहान नहीं हो गये, जिससे उन्हें काफी गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने घटना की जांच करते हुए नई मंडी थाने पर प्रार्थी का मुकदमा दर्ज कर लिया है और उक्त मुकदमे में नामजद मुल्जिमान भैय्याजी उर्फ नूर आलम पुत्र अबरार, बबलू पुत्र रज्जाक, सद्दाम पुत्र अबरार को नई मंडी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके अतिरिक्त अमरीश ने जानकारी देते हुए बताया कि पदम का नाम एफआईआर में नहीं दर्ज हो सका, जबकि पदम भी हमलावरों के साथ हमला करने में शामिल था और पदम व पदम की लड़का तालिब गांव में ही सट्टे का बड़ा अवैध कारोबार काफी लम्बे समय से कर रहा है। इसलिये एसएसपी कार्यालय में तहरीर देकर पदम पर भी कार्रवाई की मांग की है। आपको बता दें कि अमरीश के साथ खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी भी मौजूद थे।

# मोनोरेल की ग्रिल तोड़कर निकाला जा रहा बाहर, पैसेंजर बोला- अंदर रो रही हैं महिलाएं

मुम्बई, 19 अगस्त (एजेंसी)। मुंबई में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। इसी बीच बिजली सप्लाई काटे जाने के कारण मोनोरेल चेंबुर इलाके में हवा में ही अटक गई। ट्रेन के अंदर यात्री फंस गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्रेन की मदद से अंदर फंसे यात्रियों को निकालने का निर्णय लिया गया। इस वक्त तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। बीएमसी के मुताबिक इस वक्त ट्रेन में करीब 150 लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है। नगर निगम ने मोनोरेलवे पर फंसे यात्रियों की मदद के लिए चिकित्सा दल भेजा हैं। आस-पास के नगरपालिका अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। बताया गया कि पालिकेच्य अस्पताल में बचाए गए लोगों के इलाज के लिए डॉक्टर तैयार हैं। सायन अस्पताल, गोवंडी शताब्दी अस्पताल, राजावाड़ी अस्पताल, के में बिस्तर आरक्षित रखे गए हैं। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कुछ तकनीकी कारणों से चेंबूर और भक्ति पार्क के बीच एक मोनोरेल फंस गई है। एमएमआरडीए, अग्निशमन दल और नगरपालिका जैसी सभी एजेंसियां वहां पहुंच चुकी हैं। सभी यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसलिए किसी को भी चिंता करने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा। एक पैसेंजर ने बताया कि अंदर हजार से 500 लोग हैं। आपातकालीन स्थिति के लिए कोई सुविधा अंदर नहीं है। ट्रेन पूरी तरह पैक थी। एक आदमी को मेरे सामने चक्कर आ गए और वो बेहोश हो गया। फायर ब्रिगेड आने में एक घंटे से ज्यादा वक्त लग गया।

### मूसलाधार बारिश का तांडव, मुंबई में स्कूल-कॉलेज, दफ्तर बंद

मुंबई, 19 अगस्त (एजेंसी)। मुंबई में हो रही मूसलाधार बारिश कई इलाकों में भारी जलभराव से लोग दो चार हो रहे हैं। सड़कों पर कमर जितना पानी जमा है। भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भर जाने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बारिश के कारण रेल, सड़क और हवाई यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्कूल और कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। दफ्तरों में वर्क फ्रॉम होम दे दिया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार तक बारिश का दौर जारी रह सकता है। मुंबई के कई हिस्सों में बीते 24 घंटे में 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई है। सबसे ज्यादा बारिश पूर्वी उपनगरों के विक्रोली में देखने को मिली, जहां 255.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक बीते 24 घंटे में सांताक्रूज वेधशाला ने 238.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की, जबकि कोलाबा वेधशाला ने 110.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। आईएमडी ने बताया कि विक्रोली में सबसे अधिक 255.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, इसके बाद भायखला में 241 मिलीमीटर, जुहू में 221.5 मिलीमीटर और बांद्रा में 211 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

## अयोध्या में स्थापित होगी एटीएस की नई यूनिट

**अयोध्या 19 अगस्त (वार्ता)** अयोध्या के सदर तहसील क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) की नई यूनिट स्थापित होगी। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर उपजिलाधिकारी सदर शासन के मानक के अनुसार भूमि का प्रबंध करने का निर्देश दिया। इसके साथ साथ तीन पुलिस चौकियों का उच्चीकृत कर थाना बनाया जाएगा, इसके लिए भी भूमि उपलब्ध कराने का आदेश दिया। अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने एटीएस की यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया है। उसके लिए जिला प्रशासन को उचित स्थान पर भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। आज डीएम ने इससे जुड़े सभी अधिकारियों के साथ बैठक किया और अभिलंब भूमि उपलब्ध कराने का आदेश दिया। एसडीएम आरपी तिवारी ने डीएम की बैठक से आने के बाद अपने विभागीय अधिकारियों को लैंड सर्च का आदेश दिया। अयोध्या नगर कोतवाली की देवकाली चौकी, थाना कैंट की सहादतगंज पुलिस चौकी और थाना महाराज गंज की अरवत पुलिस चौकी को थाना बनाने का आदेश भी शासन से मिला था।

## बी. सुदर्शन रेड्डी होंगे विपक्ष के उपराष्ट्रपति कैंडिडेट, सुप्रीम कोर्ट में रह चुके हैं जज



**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** I.N.D.I.A ने सुप्रीम कोर्ट से रिटायर्ड जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा। 79 साल के रेड्डी गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस और गोवा के पहले लोकायुक्त रह चुके हैं। वे आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। 2007 में सुप्रीम कोर्ट का जज नियुक्त किया गया था। खास बात है कि दोनों उम्मीदवार दक्षिण से हैं। रिटायर्ड जस्टिस रेड्डी आंध्रप्रदेश से, जबकि सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु से हैं। राधाकृष्णन 20 जबकि रेड्डी 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। उपराष्ट्रपति का चुनाव जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई की रात अचानक इस्तीफा देने की वजह से हो रहा है। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब कभी लोकतंत्र और संविधान खतरे में आता है, विपक्ष उसे बचाने के लिए एकजुट हो जाता है। I.N.D.I.A दलों ने एक साझा उम्मीदवार रखने का फैसला किया है, यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। मुझे खुशी है कि सभी विपक्षी दल एक नाम पर सहमत हुए हैं। यह लोकतंत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## दीपक कुमार को मिला उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**लखनऊ, 19 अगस्त(वार्ता)** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने कुछ दिन पहले ही चार्ज ग्रहण किया था लेकिन अब वह स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। बताया जा रहा है कि एपीसी दीपक कुमार को मुख्य सचिव का चार्ज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक मुख्य सचिव एसपी गोयल स्वास्थ्य लाभ ले रहें हैं। फिलहाल वो दिल्ली में हैं और इसी सप्ताह वापसी करेंगे। गौरतलब है कि मनोज कुमार सिंह की जगह मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल को नया मुख्य सचिव बनाया गया है। हालांकि मुख्यमंत्री कार्यालय ने आगामी कार्यक्रमों और परियोजनाओं का हवाला देते हुए केंद्र को पत्र लिखकर सिंह के लिए एक साल का सेवा विस्तार मांगा था। सिंह ने दुर्गा शंकर मिश्रा का स्थान लिया था, जिन्हें 31 दिसंबर, 2021 को सेवानिवृत्त होने से दो दिन पहले उत्तर प्रदेश वापस भेज दिया गया था और उन्होंने 30 दिसंबर को मुख्य सचिव का पदभार ग्रहण किया था।

# डॉग लवर्स उतरे सड़कों पर, सुप्रीम कोर्ट के आदेश का विरोध

### ▶▶ आवारा नहीं, हमारा है के नारे के साथ निकाली गयी रैली

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** शहर में पशु प्रेमियों ने सुप्रीम कोर्ट के कुत्तों से जुड़े हालिया आदेश के विरोध में एक रैली निकाली। रैली में शामिल लोगों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान डॉग लवर्स ने कुत्तों से होने वाली रेबीज बीमारी और उनकी नसबंदी का मुद्दा भी उठाया। रैली का मुख्य उद्देश्य सरकार से एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग भी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश क्रूरतापूर्ण है और इसका विरोध होना चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि कुत्तों में रेबीज का खतरा और उनकी बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने का सबसे अच्छा तरीका नसबंदी है। इसके लिए सरकार को एबीसी कार्यक्रम को सख्ती से लागू करना चाहिए। पशु प्रेमियों ने यह भी कहा कि कुत्ते एक सामाजिक प्राणी हैं और उन्हें भी जीने का अधिकार है। उन्होंने शहर के लोगों से अपील की कि वे कुत्तों के प्रति दयालुता दिखाएं और उनकी देखभाल करें। इस दौरान डॉग लवर्स को स्थानीय सामाजिक लोगों का भी सहयोग मिला, जिनमें एडवोकेट मनीष गुप्ता, आशीष सरीन, निधी सरीन, संदीप अरोरा, अमन सोनकर, नीशू, सावन महेन्द्र, नमन जैन, मोहित त्यागी, अनाया चौधरी, प्रवीन कुमार जैन, इंदु, सारिका आदि मौजूद रहे।






# सेना ने नुमाइश ग्राउंड किया बंद तो दुकानदारों ने सड़क पर सजा दिया मंगल बाजार

### ▶▶ सिविल लाइन थाना पुलिस पूरे दिन करवाती रही व्यवस्था, सड़कों पर खड़े होकर सामान खरीदते रहे लोग

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु)।** भारत को यूं ही लोकतांत्रिक देश नहीं कहा जाता है। यहां जो जैसा चाहता है, वो वैसा करता है। चाहे इससे कोई कानून टूटे या फिर किसी का नुकसान ही क्यों न हो जाये, लेकिन जिसका जो मन करता है, वो वैसा करता है। मुजफ्फरनगर बुलेटिन पर पहले ही खबर प्रकाशित हो चुकी थी कि विभाग की तरफ से नोटिफिकेशन है कि चार हफ्ते मंगल बाजार बंद रहेगा। एक रात पहले सोमवार की रात थी, तो कहीं दूर-दूर तक नहीं लग रहा था कि मंगल बाजार लगेगा, लेकिन मंगलवार सुबह से ही देखने को मिला कि दुकानें लग रही हैं। देखते ही देखते 10 बजे तक दुकानें तो सज गई, और लोगों की भी भारी भीड़ देखने को मिली। भीड़ इतनी अधिक थी कि लोग सड़कों पर घूम रहे थे और तो और कुछ छोटे दुकानदारों ने दुकानें सड़क तक लगा



रखी थी। ऐसे में आप समझ सकते हैं कि किस तरह लोग अस्थाई मंगल बाजार का फायदा ले रहे होंगे। सवाल इसमें यह है कि जब नोटिफिकेशन हो चुकी है कि मंगल बाजार 4 हफ्ते के लिये बंद रहेगा, तो प्रशासन की नाक के नीचे सड़क के किनारे यह बाजार लगा कैसे? अब छोटी-छोटी दुकानें तो हैं नहीं, जो दिखेंगी नहीं, बल्कि पूरे का पूरा एक मौहल्ले की तरह है। इस बाजार में जो भीड़ थी, वो हजारों में थी। ऐसे में कल प्रशासन यह कहे कि उसे पता ही नहीं चल पाया, तो यह बात हजम नहीं हो सकती। मुजफ्फरनगर बुलेटिन यह नहीं कहता कि इसमें गलती प्रशासन की ही होगी, क्योंकि जब तक आम लोग भी अपने कर्तव्यों को समझेंगे, नहीं तब तक प्रशासन भी क्या कर सकता है? ऐसे में हम यह साफ तौर पर कह सकते हैं कि यह सीधे-सीधे प्रशासन और व्यापारी लोगों के बीच की सही तालमेल ना होने का नतीजा है, क्योंकि हर काम सख्ती से ही नहीं करवाया जा सकता है। इसके लिये तालमेल होना भी जरूरी होता है। जैसा कि हम पहले ही ठेले वालों की ओर से अवैध अतिक्रमण का मामला उठा चुके हैं। अगर इसे भी एक दिन का अवैध अतिक्रमण कहा जाये तो गलत नहीं होगा। क्योंकि नुमाइश ग्राउंड में तो सेना ने अपना डेरा डाल लिया है। वहां तो दुकानें लगने से रही, लेकिन सड़क पर भी इस तरह से मंगल बाजार का सजना प्रशासन की ओर से जारी आदेशों की धज्जियां उड़ने के बराबर है। अब देखना यह होगा कि हर मंगलवार को यही नजारा देखने को मिलता है या फिर अगली बार प्रशासन व्यापारियों और दुकानदारों से बात करके इसका कोई हल निकालता है।



# भारत को उर्वरक, दुर्लभ खनिज व टनल मशीन की जरूरतों का हल देगा चीन

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** भारत-चीन के रिश्तों में सुधार की खबर आई है। चीन ने भारत को भरोसा दिलाया है कि वह उर्वरक, रेयर अर्थ और टनल बोरिंग मशीनों की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। यह आश्वासन चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर को दिया। बता दें कि चीन के विदेश मंत्री सोमवार को दो दिन के दौरे पर भारत पहुंचे हैं। इस दौरान दोनों नेताओं की बातचीत में आर्थिक और व्यापारिक मुद्दे, धार्मिक यात्राएं, लोगों के बीच संपर्क, नदियों का डाटा साझा करना, सीमा व्यापार और आपसी सहयोग जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन जैसे बड़े पड़ोसी देशों के बीच रिश्ते कई पहलुओं वाले हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि व्यापार में रोड़े और प्रतिबंधात्मक नीतियों से बचना जरूरी है। जयशंकर ने यह भी कहा कि स्थिर और सकारात्मक रिश्ते दोनों देशों के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए फायदेमंद होंगे। विदेश मंत्री ने इस दौरान साफ कहा कि फर्क को विवाद नहीं बनने देना चाहिए और प्रतिस्पर्धा को संघर्ष में नहीं बदलना चाहिए। उन्होंने वांग यी की यात्रा को रिश्तों की समीक्षा और वैश्विक हालात पर बातचीत का सही अवसर बताया। बता दें कि भारत-चीन संबंध 2020 में पूर्वी लद्दाख की एलएसी पर चीनी सेना की गतिविधियों से बिगड़ गए थे, हालांकि हाल के महीनों में दोनों देशों ने तनाव कम करने और गश्त को लेकर समझौता किया है। वहीं भारत ने साफ किया है कि ताइवान पर उसके रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। भारत ने जोर देकर कहा कि दुनिया के बाकी देशों की तरह, भारत का भी ताइवान के साथ आर्थिक, तकनीकी और सांस्कृतिक संबंधों पर केंद्रित रिश्ता है। हम इसे जारी रखने का इरादा रखते हैं।



## यूपी में खाद की कालाबाजारी चरम पर, किसान बेहाल: अखिलेश यादव

**लखनऊ 19 अगस्त (वार्ता)** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी चरम पर है जबकि किसानों को फसलों के लिए खाद नहीं मिल रही है। श्री यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश में खाद का भारी संकट है। जब से भाजपा सत्ता में आयी है किसान यूरिया खाद से लेकर डीएपी खाद के लिए परेशान है। भ्रष्टाचार, लूट, बेईमानी चरम पर है। धान और अन्य फसलों के लिए पहले किसानों को डीएपी और यूरिया नहीं मिली, अब भी फसलों में छिड़काव के लिए यूरिया नहीं मिल पा रही है। खाद को लेकर किसान जगह-जगह धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर है। भाजपा सरकार किसानों के लिए बोझ बन गयी है। उन्होने कहा कि कई जिलों में सहकारी समितियों पर महीनों खाद की कमी की खबरें सामने आ रही है। खाद के लिए किसान लाइनों में लग रहे हैं उन्हें खाद के बजाय लाठियां मिल रही है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों को खाद, बीज, पानी की सुविधा देने में पूरी तरह फेल हो चुकी है। लखनऊ, अयोध्या, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, सोनभद्र सहित तमाम जिलों में किसान अभी भी खाद के लिए भटक रहे है।

# एनडीए से उपराष्ट्रपति का प्रत्याशी बनाये जाने के बाद प्रधानमंत्री से मिले सीपी राधाकृष्णन, पीएम ने दी बधाई

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (बु)।** महाराष्ट्र के राज्यपाल और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात रविवार को एनडीए द्वारा राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद हुई। दोनों नेताओं की इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों में चर्चा का विषय बनीं। केंद्र में सत्ताधारी एनडीए ने आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार चुना है। बीते रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक के बाद इसकी औपचारिक घोषणा की। यह फैसला पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई, 2025 को स्वास्थ्य कारणों से पद छोड़ने के बाद लिया गया। सीपी राधाकृष्णन का राजनीतिक और सामाजिक जीवन चार दशकों से अधिक का रहा है। तमिलनाडु के कोयम्बटूर से दो बार लोकसभा सांसद रह चुके राधाकृष्णन ने विभिन्न सामाजिक और संवैधानिक भूमिकाओं में अपनी सक्रियता दिखाई है। जुलाई 2024 में उन्हें महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया था और अब एनडीए ने उन पर उपराष्ट्रपति पद के लिए भरोसा जताया है। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान 9 सितंबर, 2025 को होना तय हुआ है। हालांकि, विपक्षी दलों ने अभी तक अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राधाकृष्णन की उम्मीदवारी को एनडीए की मजबूत स्थिति और उनके लंबे अनुभव का समर्थन प्राप्त है। उनकी नियुक्ति को दक्षिण भारत और महाराष्ट्र के बीच एक महत्वपूर्ण राजनीतिक सेतु के रूप में भी देखा जा रहा है।



# रामपुर तिराहा कांड में अगली सुनवाई 26 अगस्त को

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** रामपुर तिराहा कांड में सीबीआई द्वारा एक और गवाह को पेश किया गया। सरकार बनाम राधा मोहन द्विवेदी मामले में सीबीआई ने कोर्ट में गवाह को पेश किया गया। उसने कोर्ट को बताया कि पुलिसकर्मियों ने बसों में चढ़कर पहले शीशे तोड़े और उसके बाद महिलाओं से अभद्रता की। वह रामपुर तिराहे पर स्थित होटल के पीछे से पुलिसकर्मियों को देख रहा था। उसकी गवाही कोर्ट में पूरी हो गयी। कोर्ट ने अगले गवाह को पेश करने के लिए 26 अगस्त की तिथि नियत की है। एक अक्तूबर 1994 की रात्रि पृथक राज्य की मांग को दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। आरोप है पुलिस फायरिंग में सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप भी लगे थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ से हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए थे। उत्तराखंड संघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि मंगलवार को सीबीआई की तरफ से खतौली के चश्मदीद गवाह को पेश किया। वह रामपुर तिराहे पर स्थित होटल पर नौकरी करता था। जब पुलिसकर्मियों ने आंदोलनकारियों पर



लाठीचार्ज किया, तो वह होटल के पीछे जाकर छिप गया। उसने पुलिसकर्मियों की बर्बरता को अपनी आंखों से देखा। कुछ समय पश्चात एक पुलिसकर्मी आंदोलनकारियों से लूटा गए एक बैग भी उसके पास लेकर आया था। कोर्ट में उसके गवाही पूरी हो चुकी है। मामले की सुनवाई एडीजे 9 की न्यायाधीश ज्योति सिंह की कोर्ट में चल रही है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 26 अगस्त की तिथि नियत की है।

# MDA की टीम ने भोपा रोड पर के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

### ▶▶ क्षेत्र में करीब 20 बीघा अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

**मुजफ्फरनगर, 19 अगस्त (बु.)।** जनपद में अवैध रूप से बन रही कॉलोनियों पर अंकुश लगाने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच मंगलवार को नगर के भोपा रोड पर की गई कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा है। इस दिशा में शुरू कार्रवाई के बीच मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र जोन-2 में मंडल आयुक्त की प्रेरणा एवं एमडीए उपाध्यक्ष कविता मीना के आदेशों के अनुपालन में अवैध भू-स्वामी एवं प्लॉटिंगकर्ता सचिन पुत्र देवेंद्र द्वारा खसरा नंबर 144/14, ग्राम भण्डूरा, भोपा रोड पर करीब 20 बीघा भूमि में अनाधिकृत रूप से (प्राधिकरण से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना) अवैध प्लॉटिंग के निर्माण को ध्वस्त किया गया। एमडीए टीम की ओर से की उक्त अवैध प्लॉटिंग के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में भी नोटिस जारी किये गये थे, जिसमें चालानी कार्यवाही के बाद पूर्व में ध्वस्तीकरण के आदेश भी निर्गत किये गये थे, परन्तु अवैध प्लॉटिंग के भू-स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था। एमडीए की उक्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप सा



मच गया। मंगलवार को मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा मुजफ्फरनगर के जोन-2 में उक्त एक स्थल पर लगभग 20 बीघा भूमि पर अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। उक्त अवैध कॉलोनी के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय प्राधिकरण कार्यालय के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता एवं प्राधिकरण टीम के साथ साथ सम्बन्धित थाने का पुलिस बल भी मौके पर उपस्थित रहा। टीम अधिकारियों ने चेताया कि जनपद में बिना स्वीकृति के निर्माण किए जाने के मामले में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हर संभव जारी रहेगी और किसी को भी नियमों की अनदेखी की छूट नहीं दी जाएगी।

# मोदी से मिले वांग यी, चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने का निमंत्रण दिया

**नयी दिल्ली 19 अगस्त (वार्ता)** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार शाम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें चीन में इस महीने के अंत में होने वाले शंघाई शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन के राष्ट्रपति की ओर से निमंत्रण दिया। चीन के विदेश मंत्री ने भारतीय विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर के साथ अपनी द्विपक्षीय वार्ता और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि स्तर की बैठक के बारे में अपना आकलन भी प्रधानमंत्री के साथ साझा किया। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि श्री वांग ने तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति शी का संदेश और निमंत्रण प्रधानमंत्री को सौंपा। उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय बैठक और विशेष प्रतिनिधियों की 24वीं बैठक के बारे में अपना सकारात्मक मूल्यांकन भी साझा किया। प्रधानमंत्री ने सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने के महत्व पर बल दिया और सीमा प्रश्न के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने पिछले वर्ष कजान में राष्ट्रपति शी के साथ अपनी बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में निरंतर और सकारात्मक प्रगति का स्वागत किया, जो कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली सहित पारस्परिक सम्मान, पारस्परिक हित और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। श्री मोदी ने एससीओ शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के लिए राष्ट्रपति शी को धन्यवाद दिया और अपनी स्वीकृति व्यक्त की। उन्होंने एससीओ शिखर सम्मेलन की चीन द्वारा अध्यक्षता किए जाने के प्रति समर्थन व्यक्त किया और कहा कि वे तियानजिन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और चीन के बीच स्थिर, विश्वसनीय और रचनात्मक संबंध क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



## ऊंचा गांव निवासी अग्निवीर की मध्य प्रदेश में हार्टअटैक से मौत

**कैराना, 19 अगस्त (बु.)।** ऊंचा गांव निवासी अग्निवीर 25 वर्षीय नितिन प्रजापति की मध्य प्रदेश के जनपद सागर में दौड़ लगाने के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक छा गया। बाद में परिजन मध्य प्रदेश के लिए रवाना हो गए। ऊंचा गांव निवासी सतीश प्रजापति का बड़ा बेटा नितिन प्रजापति 4 महीने पहले बतौर अग्निवीर आर्मी में भर्ती हुआ था। पिछले 4 महीने से मध्य प्रदेश से जनपद सागर में उसकी ट्रेनिंग चल रही थी। नितिन प्रजापति के चचेरे भाई अंकित प्रजापति ने बताया कि मध्य प्रदेश में सोमवार सुबह दौड़ के दौरान नितिन बेहोश होकर गिर गया तथा बाद में उसकी मृत्यु हो गई। सोमवार को मध्य प्रदेश से आर्मी के अधिकारी का फोन आया था, जिसमें बताया गया था कि नितिन की दौड़ लगाने के दौरान मौत हो गई। नितिन के पिता सतीश प्रजापति किराए पर ट्रैक्टर चलाने का काम करते हैं। नितिन अविवाहित था तथा उसके एक छोटी बहन तथा एक छोटा भाई शिवम है, जो कक्षा 12 में पढ़ता है। परिवार के लोग शव को लेने के लिए मध्य प्रदेश गये हैं।



## हथिनीकुंड बैराज पर पानी का दबाव कम होने पर यमुना नदी हुई शांत

**कैराना, 19 अगस्त (बु.)।** सोमवार को यमुना नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु से 231 मीटर को पार कर गया था। बैराज से आने वाले पानी की मात्रा कम होने पर जलस्तर 90 सेंमी घटकर 230.1 मीटर रह गया, जिसके बाद सीमावर्ती गांवों के किसानों व प्रशासन ने राहत की सांस ली। रविवार शाम 4 बजे हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 1.79 लाख क्यूसेक पानी प्रति सैकेंड छोड़ा गया था। डेम पर पानी का दबाव बढने के कारण डेम के सभी गेट खोल दिए थे, जिसके कारण सोमवार दोपहर करीब 2 बजे यमुना नदी में बाढ़ की स्थिती बन गई थी। यमुना नदी का जलस्तर 231 मीटर को पार कर गया था। यमुना नदी का चेतावनी बिंदु 231 मीटर व खतरे का निशान 231.5 मीटर पर है। वहीं यमुना नदी का पानी तटबंध व यमुना नदी के बीच की हजारों बीघा भूमि की फसलों में भर गया था। सोमवार को हथिनीकुंड बैराज पर पानी का दबाव कम होता चला गया, जिसके चलते सोमवार को हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 54 हजार क्यूसेक पानी प्रति सैकेंड छोड़ा गया, जबकि मंगलवार सुबह 8 बजे हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में छोडे जाने वाले पानी की मात्रा 38 हजार 361 क्यूसेक प्रति सैकेंड रह गई थी। मंगलवार को यमुना नदी का जलस्तर भी 90 सेंमी घटकर 230.1 मीटर रह गया। यमुना नदी के शांत होने पर सीमावर्ती गांवों के किसानों व प्रशासन ने राहत की सांस ली।



## कपड़ा उद्योग के लिए बड़ी राहत- सरकार ने कच्चे कपास के आयात से हटाया सीमा शुल्क

**नई दिल्ली, 19 अगस्त (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने कच्चे कपास के आयात पर सीमा शुल्क और कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) को पूरी तरह से माफ करने की घोषणा की है। यह एक अस्थाई छूट है, जो 19 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगी और 30 सितंबर, 2025 तक मान्य रहेगी। सरकार के इस फैसले से देशभर की टैक्सटाइल कंपनियों को फायदा होगा। बताते चलें कि केंद्र सरकार कच्चे कपास के आयात पर 11 प्रतिशत का सीमा शुल्क वसूलती है, जिसे 42 दिनों के लिए हटा दिया गया है। अमेरिका द्वारा भारी टैरिफ लगाए जाने के बीच सरकार के इस कदम से कपड़ा उद्योग राहत की सांस लेगा। सरकार ने कहा कि कपड़ा उद्योग के हितों को ध्यान में रखते हुए ये छूट एक बेहद जरूरी कदम है, जिसे जनहित में लिया गया है। कच्चे कपास पर वसूले जाने वाले सीमा शुल्क को हटाने से पूरी टैक्सटाइल इंडस्ट्री को महंगाई के दबाव से राहत मिलेगी और वे उद्योग में बाकी कंपनियों को मुकाबला कर पाएंगे। बताते चलें कि भारत का कपड़ा उद्योग सरकार से सीमा शुल्क में राहत की मांग कर रहा था। उद्योग का कहना था कि कपास की ऊंची कीमतें और सीमा शुल्क की वजह से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। देश का कपड़ा उद्योग, सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले उद्योगों में से एक है, जहां बड़ी संख्या में लोग काम करते हैं और इसी काम से अपना परिवार चलाते हैं। हालांकि, ये एक अस्थाई राहत है और 30 सितंबर, 2025 के बाद कच्चे कपास पर एक बार फिर पहले की तरह ही सीमा शुल्क वसूला जाने लगेगा। बताते चलें कि भारत का कपड़ा उद्योग अभी कई तरह की चुनौतियां का सामना कर रहा है। टैक्सटाइल इंडस्ट्री कपास की ऊंची कीमतों के अलावा ऊंचे सीमा शुल्क, विदेशी मांगों में गिरावट और अब अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रही है।

# हिमाचल की लगघाटी में फिर फटा बादल, कुल्लू और बंजार में स्कूल-कॉलेज बंद करने के आदेश

**कुल्लू, 19 अगस्त (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों में बिगड़ते मौसम ने भारी तबाही मचा रखी है। प्रदेश के कुल्लू जिले की लगघाटी के कनौण की ऊंची पहाड़ी पर रात ढाई बजे बादल फटने के बाद फ्लेश फ्लड आया है। बादल फटने से आई बाढ़ की चपेट में आकर कनौण में तीन दुकानें बह गईं और बाढ़ से लोगों की जमीनों, बाग-बगीचों और फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। उधर, सरवरी खड्ड में जलस्तर में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बाढ़ के कारण एक पुल क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई है। एक युवक ने बताया कि कनौण गांव में बूबू नाले पर बना पुल बह गया और तीन दुकानों का नामोनिशान मिट गया। युवक ने बताया कि वह पूरी रात सोए नहीं हैं। युवक ने बताया कि गांव का संपर्क कट गया है और बादल फटने के बाद काफी नुकसान हुआ है, यह भी कि सड़क पर बड़े बड़े पत्थर आ गए थे। कुल्लू के पास सरवरी में भी फ्लैश फ्लड से खासा नुकसान हुआ है और सड़क का एक हिस्सा टूट गया है। वहीं, भूतनाथ मंदिर के पास बस स्टैंड को जोड़ने वाली सड़क पर गहरी दरारें पड़ गई हैं और सुरक्षा के लिए बनाया गया डंगा बह गया है। इसके अलावा, हनुमानी बाग को जोड़ने वाला पैदल पुल भी टूटने की कगार पर है, जिससे स्थानीय लोगों की आवाजाही पर संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन ने लोगों से नदी किनारे जाने से परहेज करने और सतर्क रहने की अपील की है। कुल्लू जिला प्रशासन ने बीती रात से हो रही बारिश के चलते बंजार और कुल्लू सदर में स्कूल और कॉलेजों को बंद करने के आदेश दिए हैं। डीसी कुल्लू, एस. रवीश ने आदेश जारी करते हुए बताया कि क्लाउडबर्स्ट, फ्लैश फ्लड और भूस्खलन की वजह से जगह-जगह सड़कों के बाधित होने, पुल बह जाने और नुकसान की सूचनाएं मिल रही हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 19 अगस्त 2025 के लिए कुल्लू जिले में येलो अलर्ट जारी किया है।

